हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026


तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री


12 कर्ज माफी और नीलामी के मुद्दे पर फिर...





15 बॉलीवुड डायरेक्टर अपूर्वधर और फिल्म...














# हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में नहीं हो रहे प्रायोगिक कार्य, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिले के सरकारी हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में विद्यार्थियों को प्रायोगिक कार्य नहीं करवाए जा रहे हैं। पिछले सप्ताहभर के दौरान दर्जनभर स्कूलों में यह स्थिति देखने मिली है।

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं से जानकारी में इसका खुलासा हुआ है। भौतिक, रसायन, विज्ञान के प्रायोगिक कार्य के संबंध में पूछे जाने पर अवगत कराया गया कि शांला प्रारंभ 16 जून से अब पर्यन्त कोई भी प्रायोगिक कार्य नहीं कराया गया हैं। सभी विषय शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है।

## जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

### इन स्कूलों में नहीं हो रहे प्रायोगिक कार्य

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदखुरी दुर्ग , शासकीय उ.मा.वि. कुथरेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मतवारी और अंडा स्कूल में निरीक्षण किया गया। इन स्कूलों में प्रायोगिक कार्य नहीं करवाया जा रहा है। इसके अलावा पिछले सात दिनों में डीईओ ने औचक निरीक्षण के दौरान आठ से ज्यादा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में यह स्थिति पाई है।



### मध्यान्ह भोजन का भी किया निरीक्षण

शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मतवारी दुर्ग का निरीक्षण दौरान सभी कर्मचारी उपस्थित तथा अध्यापन कार्य कराते पाया गया। मध्यान्ह भोजन का भी अवलोकन किया गया मध्यान्ह भोजन में दाल, भात, टमाटर चटनी तैयार किया गया था। रसोईया को हाथ साफ कर भोजन परोसने के निर्देश दिये गये ।

### स्कूलों में छुट्टी पर छुट्टी ले रहे शिक्षक

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अण्डा के निरीक्षण दौरान 26 कर्मचारियों में से 3 कर्मचारी अवकाश पर होना पाया गया तथा शेष कर्मचारी उपस्थित पाये गये। शासकीय हाईस्कूल कोलिहापुरी में 9 कर्मचारियों में 4 का अवकाश पर होना पाया गया। प्राथमिक शाला कोलिहापुरी में 3 शिक्षक उपस्थित मिले। अध्यापन कार्य करा रहे थे।

## संस्थान की बिल्डिंग में नैरो सीढ़ियां, फायर सेफ्टी नॉम्स का पालन नहीं

# फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं, बंद होंगे सिविक सेंटर के कई कोचिंग संस्थान, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक दो मंजिला कोचिंग संस्थान में आग लगने से 15 छात्रों की जान जाने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में चल रहे कोचिंग संस्थान की व्यवस्था और फायर सेफ्टी नॉम्स को लेकर सख्त हो गई है। राज्य शासन के निर्देश पर दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह और एसएसपी विजय अग्रवाल ने सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी, तहसीलदार डिकेश्वर साहू और एसडीआरएफ प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह को सभी कोचिंग संस्थानों की जांच करने के निर्देश दिए। तीन अधिकारी बुधवार शाम को सिविक सेंटर एरिया में चल रहे 8-10 कोचिंग संस्थान पहुंचे और वहां की जांच की। जांच में उन्होंने पाया कि किसी भी कोचिंग संस्थान में फायर सेफ्टी नॉम्स का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने सभी को कोचिंग संस्थान बंद करने का नोटिस जारी किया है। कल से संस्थान को सील करने की कार्रवाई हो सकती है।

यह अभियान विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है। सबसे बड़ी जांच और कार्रवाई जिले के एजुकेशन हब सिविक सेंटर स्थित विभिन्न कोचिंग संस्थानों में होने वाली है। तहसीलदार डिकेश्वर साहू, अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह और सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी की टीम सभी कोचिंग सेंटरों में पहुंची और फायर सेफ्टी उपकरण, आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत व्यवस्था और भवन सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान चौंकाने वाली स्थिति सामने आई है। सिविक सेंटर में संचालित लगभग सभी कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। कई संस्थानों में अग्निशमन यंत्र नहीं मिले, तो कई जगहों पर आपातकालीन स्थिति में बाहर निकलने के लिए अलग रास्ते की व्यवस्था नहीं पाई गई। इसके अलावा फायर अलार्म सिस्टम और प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की भी कमी पाई गई।

## बिल्डिंग बदलने या फिर बंद करने दी जा रही नोटिस



### कोचिंग संस्थानों में संकरी सीढ़ियां

अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लगभग सभी कोचिंग संस्थान पुराने भवनों में चल रहे हैं। वहां जो सीढ़ियां हैं वो इतनी संकरी हैं कि उसमें से एक साथ एक या दो ही लोग आ जा सकते हैं। आपातकाल में ये खतरे को कम करने की जागह और बढ़ावा देगा। इतना ही नहीं बिल्डिंग में अलग से फायर एग्जिट नहीं है। ये सीधे तौर पर खतरे को न्यौता देने जैसा है। गुरुवार से उनकी टीम सभी कोचिंग संस्थानों में जाएगी और ऐसे संस्थानों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

### यह पाई गईं खामियां

अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिली सभी कमियों की जानकारी कोचिंग संचालकों को दे दी गई है और उन्हें नोटिस जारी कर तत्काल सुधार करने या फिर कोचिंग संस्थान बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं किया गया तो संबंधित कोचिंग संस्थानों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। दुर्ग जिले में हजारों विद्यार्थी रोजाना कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा मानकों की अनदेखी भविष्य में किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। प्रशासन की कार्रवाई के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि कोचिंग संचालक विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर कितने गंभीर कदम उठाते हैं।



### नहीं कराया गया विद्युत ऑडिट

जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कोचिंग संस्था का इंट्री एग्जिट नियम के मुताबिक नहीं है। फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं पाया गया। किसी भी संस्थान ने विद्युत आडिट नहीं कराया है। ये सभी प्वाइंट गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आते हैं। कलेक्टर और एसएसपी दुर्ग को इसकी जानकारी दे दी गई है। उनके द्वारा 25 जून से इसे लेकर अभियान चालकर कार्रवाई करने को कहा गया है। साथ ही कोचिंग संस्थान को तब तक सील कर दिया जाएगा, जब तक की वो नियम के मुताबिक बिल्डिंग में व्यवस्था नहीं देंगे।

# पिता की मौत की सूचना देने वाला बेटा ही निकला हत्यारा

**दुर्ग।** बोरी थाना क्षेत्र में पिता की मौत के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। जिस युवक ने खुद थाने पहुंचकर अपने पिता के मृत होने की सूचना दी थी, वही जांच में हत्या का आरोपी निकला। पुलिस ने आरोपी पुत्र नीलकमल साहू (19 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 6, ग्राम नवागांव, थाना बोरी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार 17 जून को ग्राम नवागांव वार्ड 6 निवासी नीलकमल साहू ने थाना बोरी पहुंचकर सूचना दी थी कि उसके पिता कुलेश्वर साहू घर में मृत अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, पंचनामा, गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्य जुटाए गए। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया,



जिसमें डॉक्टरों ने सिर पर गंभीर चोट लगने से मौत होने और मृत्यु की प्रकृति हत्या होना बताया। मर्ग जांच और पूछताछ के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले। जांच में सामने आया कि मृतक कुलेश्वर साहू और उसके पुत्र नीलकमल साहू के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। विवाद के दौरान आरोपी पुत्र ने अपने पिता के साथ मारपीट की, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद प्रार्थी नीलकमल साहू को ही आरोपी मानते हुए उसके खिलाफ धारा 103(1) और 238 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### सिरसा अंडर ब्रिज का होगा मेंटेनेंस, 1 से 31 अगस्त तक रहेगा बंद

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत सिरसा अंडर ब्रिज भिलाई-3 मरम्मत कार्य के लिए 1 जुलाई की सुबह 8 बजे से 31 जुलाई की शाम 6 बजे तक इस अंडर ब्रिज को अस्थाई रूप से बंद करना निश्चित किया गया है। अंडर ब्रिज की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक है। बता दें कि अंडर ब्रिज में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिसकी वजह से मार्ग से गुजरना खासा मुश्किल हो गया है।

### रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अनंतिम सूची जारी

**दुर्ग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दुर्ग के अंतर्गत रिक्त पदों में संविदा भर्ती होनी है। 47 पदों के लिए पिछले दिनों भर्ती निकाली गई थी। संविदा भर्ती के लिए जारी विज्ञापन के तहत 3 विभिन्न संवर्गों के कुल 47 पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। दस्तावेज सत्यापन तथा लिखित, कौशल परीक्षा के बाद अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। सूची का अवलोकन दुर्ग की वेबसाइट पर किया जा सकता है।






# अवैध शराब बेचते बुजुर्ग गिरफ्तार

**भिलाई।** जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में नंदिनी नगर थाना पुलिस ने ग्राम मेड़ेसरा में अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

■ नंदिनी नगर पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस को 24 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मेड़ेसरा स्थित पानी टंकी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रामजी लोधी (67 वर्ष), निवासी ग्राम मेड़ेसरा, थाना नंदिनी नगर,



जिला दुर्ग बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के पास से 25 पौवा देशी मदिरा, जिसकी कीमत लगभग 2,500 रुपये है, तथा 10 पौवा अंग्रेजी मदिरा, जिसकी कीमत करीब 1,200 रुपये है, जब्त की। इस प्रकार कुल 35 पौवा शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 3,700 रुपये है, बरामद कर वैधानिक रूप से जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना नंदिनी नगर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# भागीरथ ने इंजीनियर से दिलवाए थे दो लाख

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम से रिटायर्ड सीई भागीरथ वर्मा की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ एसीबी एक टीम उनकी संपत्ति का पता लगाने के लिए छत्तीसगढ़ से लेकर मध्य प्रदेश के कई ठिकानों पर पहुंच रही है। वहीं दूसरी तरफ एसीबी ने उनके साथ जुड़े इंजीनियर्स से भी पूछताछ कर रही है। निगम में पदस्थ इंजीनियर अर्पित बंजारे को भी एसीबी ने पूछताछ के लिए रायपुर तलब किया था, क्योंकि शिकायतकर्ता राघवेंद्र तिवारी का आरोप है कि भागीरथ वर्मा के कहने पर अर्पित ने उसे किसी ठेकेदार से दो लाख रुपए नगद दिलावए थे।

राघेवेंद्र तिवारी ने बताया कि एसीबी के अधिकारी उनसे लगातार मामले को लेकर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ जानकारी मांग रहे हैं। उन्होंने बताया कि भागीरथ वर्मा ने टेंडर सेटिंग के नाम पर 1 करोड़ 68 लाख रुपए और घर व फार्महाउस के सामान व सोने के आभूषण पर 25 लाख रुपए की खरीदी करवाई थी। जब राघवेंद्र तिवारी ने रुपए मांगे और मामला बढ़ा तो भागीरथ वर्मा ने कहा था कि उसे निगम के इंजीनियर अर्पित बंजारे से 9 लाख रुपए लेने हैं, उससे वो कुछ रकम दिलवा देगा। भागीरथ वर्मा ने अर्पित बंजारे को भिलाई निगम के चीफ इंजीनियर कार्यालय में बुलाया और राघवेंद्र तिवारी को 9 लाख रुपए देने की बात कही। इस पर अर्पित ने व्यवस्था नहीं होने की बात कही और कहा कि वो एक ठेकेदार से 3 लाख रुपए दिलवा देगा। इसके बाद उसने छोटू सम्मी नाम के किसी ठेकेदार का नंबर राघवेंद्र तिवारी को वाट्सअप पर शेयर किया। राघवेंद्र तिवारी उस समय किसी काम से गरियाबंद में था। इस पर राघवेंद्र ने अपने दोस्त अमित सोनी को पैसा लेने भेजा। छोटू सम्मी ने अमित को भिलाई में बुलाकर दो लाख रुपए कैश दिया। एसीबी अब अर्पित बंजारे से पूछताछ कर रही है कि उसके पास यह रकम किस चीज की थी और उसने ठेकेदार से रकम दूसरे आदमी को कैसे दिलवाई। राघवेंद्र तिवारी का कहना है कि उसकी आर्थिक हालत काफी खराब है। बच्चों को पढ़ाई की फीस देने के लिए पैसे नहीं बचे। अर्पित बंजारे दो साल की एजुकेशन लीव पर चले गए हैं। जब इस बारे में महापौर नीरज पाल से बात की गई तो उन्होने कहा कि जल पाइप लाइन बिछाने के टेंडर सहित कई मामलों में अर्पित बंजारे की मिली भगत है।

## स्कूल प्रबंधन ने कहा बच्चियों ने दी परीक्षा इसलिए अंकसूची के साथ देगा टीसी

# बाल आयोग के निर्देश पर गरीब परिवार को मिला न्याय



आर्थिक तंगी के चलते पिता ने लगा ली थी फांसी, मां ने टीसी मांगी तो बिना फीस देने से कर दिया मना

बाल आयोग की अध्यक्ष ने स्कूल प्रबंधन को लगाई फटकार, कहां गया शिक्षा का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले के भिलाई कोहका स्थित एमजे स्कूल प्रबंधन द्वारा दो बच्चियों की टीसी न देने और दो साल तक पढ़ने नहीं देने के मामले को राज्य बाल संरक्षण आयोग ने आड़े हांथों लिया। आयोग ने बुधवार को मामले की सुनवाई फास्टट्रैक कोर्ट में की। आयोग ने स्कूल प्रबंधन, शिक्षा विभाग और पीड़िता की बातों को सुना। इसके बाद स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया को वो दोनो बच्चियों की टीसी जारी करे। जिस साल की परीक्षा बच्चियों ने दी उस साल की मार्कशीट के साथ ही दोनो बच्चियों के खाते में आर्थिक सहायता के रूप में 21-21 हजार रुपए डाले। आयोग के इस आदेश का बच्ची की मां, वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ चौबे और भाजपा नेता रंजीत सिंह उर्फ राजा ठाकुर ने स्वागत किया है। अधिवक्ता सौरभ चौबे ने कहा कि आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने शिक्षा के अधिकार कानून और बेटी पढ़ाव बेटी बचाव अभियान का मान रखा है।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा की अध्यक्षता में हुई सुनवाई के दौरान स्कूल प्रबंधन ने पूरी तरह मानवीय आधार पर न सिर्फ दोनों बच्चियों की बकाया फीस माफ करने का फैसला किया, बल्कि उन्हें आर्थिक सहायता देने पर भी सहमति जताई। आयोग में शिकायत लेकर पहुंची रेखा रामटेके अपनी दो बेटियों कु. नित्या रामटेके (कक्षा 7वीं उत्तीर्ण) और तृष्षा रामटेके (कक्षा 4थी उत्तीर्ण) के साथ आयोग के समक्ष उपस्थित हुई थीं। रेखा रामटेके पति की मौत के बाद खुद घर चला रही हैं। वे स्वयं भी एक गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि इन कठिन परिस्थितियों के कारण वो अपनी बच्चियों को आगे एमजे स्कूल में पढ़ाई कराने में असमर्थ हैं और रोजी रोटी की तलाश में दूसरे शहर जा रही हैं। इसलिए उन्होंने उनकी बच्चियों की टीसी और मार्कशीट चाहिए। सुनवाई के दौरान एमजे स्कूल की संचालिका डॉ. श्रीलेखा विरूलकर, प्राचार्य मनप्रीत फुलमाली और प्रबंधक उज्जवल कुमार ने आयोग को अवगत कराया कि उन्हें आवेदिका के पति की आत्महत्या और उनकी गंभीर बीमारी के संबंध में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। मामले को अत्यंत संवेदनशील और अपवाद स्वरूप मानते हुए आयोग द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश दी गई और आपसी सहमति से समाधान निकालने का प्रस्ताव रखा गया। आयोग के इस रुख पर स्कूल प्रबंधन ने उनकी हर संभव मदद करने की बात कही।

### स्कूल प्रबंधन ने इन शर्तों पर जताई सहमति

आयोग के सामने स्कूल प्रबंधन ने दोनों बच्चियों का पूरा बकाया शुल्क माफ करने की बात कही। साथ ही उनकी टीसी और अंकसूची 25 जून 2026 को देने पर सहमति जताई। इस मानवीय फैसले के बाद आवेदिका रेखा रामटेके ने आयोग को बताया कि वे इस समाधान से पूरी तरह संतुष्ट हैं और अब स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कोई अन्य कार्यवाही नहीं चाहती हैं। दोनों पक्षों की सहमति के बाद आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने मामले की कार्यवाही को समाप्त करते हुए प्रकरण को नस्तीबद्ध कर दिया। सुनवाई के दौरान स्कूल प्रबंधन ने यह भी कहा कि वो दोनो बच्चियों को 12वीं तक निशुल्क शिक्षा देगा, लेकिन जब बच्ची की मां ने दूसरे शहर जाने की बात कही तो स्कूल प्रबंधन ने दोनों बच्चियों को आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता के रूप में 21-21 हजार रुपए देने पर सहमति दी। प्रबंधन ने कहा कि यह राशि 7 दिनों के भीतर सीधे आवेदिका के बैंक खाते में जमा कर दी जाएगी।




**खबर संक्षेप**

## अविवाहित युवक ने घर में लगाई फांसी

**निकुम।** अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम खांड़ा में बीते 23 जनवरी को अलसुबह तकरीबन सुबह 10बजे अविवाहित 25वर्षीय युवक ओम प्रकाश यादव पिता लतेलु यादव ने नाईलोन रस्सी से घर के मयार में सुने घर में स्वेच्छा से आत्महत्या करने का पत्र लिख कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया, वही सूचना मिलते ही मौके पर अंडा पुलिस ने शव का पंचनामा कर दुर्ग पीएम कराकर विवेचना कर रही हैं।

## मतवारी की छात्राओं की सफलता

**उतई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मतवारी ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय साधन-सह-





योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसई) 2025-26 के परिणाम में शाला की दो होनहार छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रधान पाठक ने बताया कि यह परीक्षा कक्षा 8 के बच्चों के लिए होती है। चयनित छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक हर साल 12,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलती है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों को पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलती है। कक्षा शिक्षक वेदव्यास ने बताया कि दोनों छात्राएं शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं। परीक्षा के लिए शाला में अतिरिक्त कक्षा लगा कर।गणित व मानसिक योग्यता की विशेष तैयारी कराई थी। शाला प्रबंधन समिति, पालक संघ और सभी शिक्षकों ने तृप्ति और करुणा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। चयनित छात्राओं में तृप्ति साहू ने 119 अंक प्राप्त कर जिले में मेरिट सूची में स्थान बनाया। इनके पिता होरीलाल साहू हैं। वहीं करुणा साहू 118 अंक के साथ चयनित हुईं। इनके पिता योगेंद्र साहू हैं।

## निकुम में मनाया कबीर प्रकट उत्सव



**निकुम।** सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल व अमीन माता महिला मंडल निकुम व समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वाधान सद्गुरु कबीर प्रकट उत्सव कर्मा भवन निकुम में मनाया गया। जिसमें कबीर के संदेश को जन जन तक पहुंचाने शोभा यात्रा निकाली गई। आयोजन में चेतन दास साहू, मिलाप दास , तुलेश दास, प्रीतम दास, चुरामन दास, मुकेश दास, यशवत साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन रहे।

## कुम्हारी भाजपा मंडल ने मनाई मुखर्जी जयंती



**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती बलिदान दिवस के रूप में स्थानीय सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 08 में मनाई। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा नेता राकेश पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश साहू ,मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, महामंत्री दीपक चतुर्वेदी, रामाधार शर्मा प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य, सांसद प्रतिनिधि राजू निषाद, रामकुमार सोनी ओबीसी मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री , उपाध्यक्ष फिंगेश्वर साहू , कार्यालय मंत्री रामप्रकाश गुप्ता, कार्यक्रम सदस्य अनुराग अमेरीया, महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती साधना स्वर्णकार , उपाध्यक्ष शकुन खैरवार, महामंत्री स्वर्णलता साहू आदि उपस्थित थे।

### निधन

## के. सुधाकर राव

**भिलाई।** भिलाई कैंप-1 निवासी के



सुधाकर राव का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे के तातैया के पुत्र थे।

# संत कबीर स्वयं ही पूर्ण परमात्मा के संदेशवाहक : संत माखन साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/रानीतराई

**भनसुली में कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन**





कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में संत शिरोमणि कबीरदास साहेब का प्राकट्य महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्य वक्ता श्रद्धेय महंत माखन लाल कबीर आश्रम दामाखेडा, विशेष वक्ता खिलावन दास साहेब मानिकचौरी (सेलुद), दीपक साहेब एवं ताम्रध्वज साहेब ग्राम करसा (घुघवा), कबीर ट्रस्ट समिति दामाखेडा के उपाध्यक्ष प्रमोद साहेब,विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।सुबह गुरु महिमा पाठ,ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन,सत्संग,भजन एवं प्रवचन पश्चात भोजन भंडारा एवं चौका आरती के साथ संपन्न हुआ।

मुख्य वक्ता महंत माखन साहेब नेकहा कि संत कबीर स्वयं ही पूर्ण परमात्मा का संदेशवाहक बनकर आते हैं और अपना तत्वज्ञान सुनाते हैं। इस बात के साक्षी पवित्र वेद, पवित्र कुरान, पवित्र बाइबल, पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब हैं। उन्होंने आगे उद्बोधन में कलयुग में कबीर साहेब काशी में लहरतारा तालाब पर अवतरित हुए थे। लहरतारा तालाब में जल गंगा नदी का ही आता था। वर्ष 1398 (विक्रम संवत 1455) को ज्येष्ठ की पूर्णिमा के दिन कबीर साहेब कमल के पुष्प पर अवतरित हुए। इस घटना के गवाह ऋषि अष्टानंद हुए जो स्वामी रामानन्द जी के शिष्य थे। वे अपनी साधना करने के लिए तालाब के किनारे बैठे हुए थे और अचानक उन्होंने आकाश से तीव्र प्रकाश उतरता और कमल के पुष्प पर सिमटता हुआ देखा जिससे आंखें चौंधिया गई। कार्यक्रम का संचालन धनंजय साहू एवं आभार समिति के संरक्षक पूरन साहू ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष किशोर साहू, महेश साहू, के के साहू, कमलेश साहू, महेंद्र हिरवानी, गैंदलाल डहरिया, बिसहत निर्मल, डॉ. हेमंत साहू, कमलेश साहू, धनंजय साहू, गंगा साहू, बिसौहा बढ़ाई, मंगल निर्मल, भुवन बढ़ाई, लक्ष्मीनारायण साहू, उमाशंकर, मिलन सेन, फेकून तारक, गरीब दास साहू, खिलावन साहू, श्यामलाल साहू, मिलउ यादव, पंचराम साहू, शीतल दास साहू, पतिराम साहू, केवल दास मानिकपुरी, दशरथ रावत, नूतन साहू, जगदीश साहू, ईश्वर साहू, गुहलेद यादव, रामकुमार साहू, सतीश साहू, तारा साहू, दुलारी साहू, कचरी साहू, बाहरीन साहू, बसंत साहू, नंद साहू, रामा साहू, सतीश साहू, प्रीतम साहू सहित कबीर पंथी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### नए भवन का लोकार्पण के बाद भी नहीं मिल रहा लाभ

# रानीतराई के विद्यार्थियों को पाटन जाकर देनी पड़ रही परीक्षा, बढ़ गई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

**परीक्षा के लिए भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा विद्यार्थियों को**




दुर्ग जिले के अंतर्गत स्थित स्वर्गीय दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय, रानीतराई में नया भवन बनकर तैयार हो चुका है और उसका लोकार्पण भी हो गया है, लेकिन इसके बावजूद विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

- लिखित आवेदन भेजकर की जा चुकी है जरूरी मांग

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आज भी अपनी परीक्षाएं देने के लिए शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय, पाटन जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय को परीक्षा केंद्र स्वीकृत करने के लिए लिखित आवेदन भेजकर आवश्यक मांग की जा चुकी है। प्रशासन ने अपने स्तर पर सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए महाविद्यालय में ही परीक्षा आयोजित कराने का आग्रह किया है, लेकिन विश्वविद्यालय से अब तक अनुमति नहीं मिलने के कारण आगामी जुलाई माह में होने वाली परीक्षाएं भी पाटन केंद्र में आयोजित होने की संभावना जताई जा रही है।

इस स्थिति से विद्यार्थियों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि जब महाविद्यालय का भवन तैयार होकर लोकार्पित हो चुका है और नियमित कक्षाएं संचालित हो रही हैं, तब भी उन्हें परीक्षा देने के लिए दूसरे महाविद्यालय जाना पड़ रहा है। गौरतलब है कि महाविद्यालय की स्थापना के बाद से भवन के अभाव में छात्र-छात्राओं को पाटन जाकर परीक्षा देनी पड़ती थी, लेकिन अब भवन उपलब्ध होने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

रानीतराई महाविद्यालय में धमतरी जिले सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें से कई छात्रों को परीक्षा देने के लिए 20 से 25 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ती है। इससे समय, धन और श्रम की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।

विद्यार्थियों एवं पालकों ने उच्च शिक्षा विभाग से जल्द से जल्द रानीतराई महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र की मान्यता प्रदान करने की मांग की है। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए छात्र हित में पहल करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि परीक्षा केंद्र की सुविधा मिलने से हजारों विद्यार्थियों को राहत मिलेगी और शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

**हैंड ओवर मिला है**

"अभी हैंड ओवर मिला है इसीलिए परीक्षाएं देने बाहर जा रही है। यूनिवर्सिटी को आवेदन दिया गया था अगला परीक्षाएं दिसम्बर में हमारे यहां होगी, आदेश मिला है।

**चंदन गोस्वामी,**
महाविद्यालय प्रभारी रानीतराई



# कर्ज माफी और नीलामी के मुद्दे पर फिर एकजुट हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

एक निजी बैंक नेहरू नगर भिलाई द्वारा ऋण वसूली और भूमि नीलामी की कार्रवाई के विरोध में किसानों की बैठक एक बार फिर आयोजित की गई। बैठक में किसानों ने निर्णय लिया कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगामी 30 जून को बड़ी संख्या में किसान दुर्ग कलेक्टर से मुलाकात करेंगे।

- 30 जून को कलेक्टर से मुलाकात करेंगे : किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल

किसानों ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा के निर्देशन में बैंक अधिकारियों और किसानों के बीच एक बैठक आयोजित किए जाने की बात कही जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि इस बैठक में कर्ज माफी, ऋण वसूली और नीलामी संबंधी समस्याओं का सार्थक समाधान निकलता है तो वे आगे की रणनीति पर पुनर्विचार करेंगे।

वहीं किसान नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि बैठक में किसानों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है तो किसान पीछे नहीं हटेंगे और 30 जून को दुर्ग कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे। किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने कहा कि कर्ज माफी से वंचित किसानों के साथ न्याय होना चाहिए तथा नीलामी और वसूली की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। किसानों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

बैठक में किसान बंधु संगठन अध्यक्ष आत्मा साहू, मोती राम वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, सुभाष साहू, हेमराम साहू, राजकुमार साहू, पंचराम साहू, तेजराम चंदेल, भुनेश्वर वर्मा इत्यादि पदाधिकारी एवं क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे।

# पक्का मकान पाने का सपना होगा साकार, नाम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा में बुधवार को छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के 448 पात्र हितग्राहियों के नामों का सार्वजनिक वाचन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के प्रमुख नागरिकों के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच रवि सिंगौर, सचिव ईश्वर निषाद एवं पंचगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्राम सभा के दौरान हितग्राहियों को योजना की जानकारी देते हुए पारदर्शिता के साथ पात्रता सूची का वाचन किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच रवि सिंगौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में अब पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान मिलना सुनिश्चित हो गया है। उन्होंने बताया कि विशेष ग्राम सभा में 448 पात्र लोगों के नामों का वाचन किया गया है। इससे वर्षों से अपने पक्के घर का सपना देख रहे परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और उनका सपना शीघ्र ही साकार होगा।

**बिजनेस साइट**

## सीसीईटी भिलाई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, विद्यार्थियों में उत्साह



**भिलाई।** क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सीसीईटी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। क्षेत्र के प्रतिष्ठित तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों में शामिल इस महाविद्यालय में डिप्लोमा, बी टेक, एम टेक, एमसीए और पीएचडी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जा रहे हैं।

पूर्व में एमपीसीसीईटी के नाम से प्रसिद्ध यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों, आधुनिक अधोसंरचना और बेहतर शैक्षणिक परिणामों के लिए जाना जाता है। एनएएसी ए ग्रेड से मान्यता प्राप्त यह महाविद्यालय तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया जारी है और इच्छुक विद्यार्थी अपनी पसंद के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा और बेहतर प्लेसमेंट अवसरों को देखते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में प्रवेश को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटें सीमित हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है। समय पर प्रवेश लेने से पसंदीदा कोर्स और स्पेशलाइजेशन प्राप्त करने की संभावना अधिक रहती है। महाविद्यालय प्रशासन ने हाल ही में परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।

## बीएम कॉलेज और बीएम आईटीआई दुर्ग में प्रवेश प्रारंभ




**दुर्ग।** बीएम कॉलेज, गोकुल नगर पुलगांव दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है। इसके अंतर्गत बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए और बीएड कोर्स संचालित है। बीएड के लिए कॉलेज कोड - 114336 है। प्रवेश की प्रक्रिया काउंसलिंग द्वारा होगी। संस्था में एसी लैब, क्लासरूम और वाई फाई केंपस की सुविधा है। संस्था का विगत वर्षो का रिजल्ट 100% रहा है। बीएम कॉलेज की स्थापना सन 2008 में हुई है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है।

वहीं बीएम प्राइवेट आईटीआई, एनसीवीटी दिल्ली और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड- कोपा कंप्यूटर, इलेक्ट्रीशियन, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडसट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित है । फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडसट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट की डिमांड नगर-निगम, रेलवे तथा बड़े-बड़े मॉल्स, हॉस्पिटल, रिफाइनरी फैक्ट्री तथा अन्य एवं हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर की डिमांड नगर निगम तथा रेलवे डिपार्टमेंट में है। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के बजट के अनुसार राज्य के 10 जिलों में फायर स्टेशन की स्थापना होना है जिसमें दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर जिला भी शामिल है। संस्था द्वारा आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्र अपनी सुविधानुसार ट्यूशन फीस को किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर प्रवेश ले सकते हैं।



## आस्था यदु को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया मेडल प्रदान

**उतई।** हिमाचल प्रदेश में ट्रैकिंग कैंप में शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई की एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉक्टर अनुसूईया जोगी एवं एल सी पी एल कैडेट आस्था यदु शामिल हुए। इन्होंने हिमाचल की ऊंची ऊंची पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करते हुए विविध जैव -विविधताओं के के साथ-साथ वहां की संस्कृति की जानकारी प्राप्त की। कैंप कमांडेंट कर्नल विवेक भटारा ने कैप्टन अनसूया जोगी को प्रोत्साहित किया। आस्था यदु को उत्कृष्ट कार्य हेतु मेडल प्रदान किया गया। कैंप में कारगिल कारगिल विजय अभियान में शामिल वीर योद्धाओं सूबेदार मेजर राजेंद्र कुमार एवं ऑनरेरी कैप्टन विनोद कुमार से आपबीती सुनने और बातचीत करने का अवसर प्राप्त मिला।

लगभग 530 एनसीसी कैडेट इस शिविर में ट्रेकिंग के लिए शामिल थे। सभी ने कारगिल योद्धाओं, अमर शहीदोंकी वीरता को प्रणाम कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस शिविर में देश के अलग-अलग प्रांतों जम्मू कश्मीर, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल, लद्दाख मध्य प्रदेश आदि के एनसीसी कैडेट्स के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अवसर मिला। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डीपी कुर्रे एवं सभी अध्यापकों अधिकारी कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# शैक्षणिक व्यवस्थाओं व कंप्यूटर आईसीटी लैब का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडुंग में सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग (डीईओ) अरविंद मिश्रा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्थाओं व कंप्यूटर आईसीटी लैब का जायजा लेते हुए प्रभारी प्राचार्य जगदीश दिल्लीवार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- बच्चों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि बढ़ाने किया गया प्रेरित

निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिश्रा ने कक्षा 12वीं विज्ञान के बच्चों से रसायन शास्त्र के कुछ प्रश्न पूछे और शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे बच्चों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि बढ़ाएं। उन्होंने रसायन व्याख्याता को खाली कालखंड का सदुपयोग कर बच्चों को अतिरिक्त पढ़ाने का मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही उन्होंने भौतिकी व्याख्याता द्वारा अध्यापन के साथ-साथ किए जा रहे शोध कार्य की सराहना की और प्राचार्य को ऐसे शिक्षकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा में ब्लैक बोर्ड पर इंग्लिश लिखकर बेहद प्रभावी ढंग से पढ़ा रहीं इंग्लिश शिक्षिका सैयदुन निसा खान के अध्यापन कार्य को देखकर खुशी जताई एवं उनकी तारीफ की।

इस दौरान डीईओ अरविंद मिश्रा ने कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्रा पुष्पा (91.6%) और तुलसी (91%) को शुभकामनाएं दीं। अंत में उन्होंने छात्र-छात्राओं को सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि यदि आप स्कूल और ग्रेजुएशन के ये 7-8 साल जमकर मेहनत कर लेंगे, तो आपके आने वाले 50 साल बेहद सुखमय बीतेंगे।



# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

29 YEARS Legacy in Education

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27** | **SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS** | **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ ( कानून )-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है
## पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
- **BAMS** (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery)
- **B.Sc. (Nursing)**

Afft. to IGKV, Raipur
- **B.Tech Agri.**
- **B.Sc. Agri.**

## प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता



भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

### Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

### Engineering
**M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic**
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Public Health
- MPH (Master of Public Health)

### Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

### Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

### Science
**B.Sc (Hons)/M.Sc**
- Forensic Science
- Chemistry
- Maths
- Computer Sceince
- Physics
- Zoology
- Animation & Visual Effects
- Botony
- Microbiology
- Biotechnology
- Home Science
- IT

### Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
- Hospital Mgt.
- Financial Mgt
- Marketing Mgt.
- Human Resource Mgt.

**B.A.(Hons)/ M.A**
- Psychology
- English
- Sociology
- Yoga
- Hindi
- Sanskrit
- Economics
- History
- Geography
- Political Science

- B.Com.(Hons)
- M.Com
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**

**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जॉंच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...**

## ''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

## PLACEMENT SELCTION 2026



**TOP RECRUITERS**

WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



**6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07**

www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com

---

# SUN PUBLIC SCHOOL
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
**Day Boarding School**
ADMISSIONS OPEN
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

# सन प्राइवेट आई.टी.आई.
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ
- उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
- छात्रवृत्ति की सुविधा
- हॉस्टल की सुविधा

प्रवेश प्रारंभ
- इलेक्ट्रीशियन, फिटर } 2 वर्ष
- कोपा, स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष

9589158888, 9109186606

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

## मास्टर ट्रेनरों को बाजार की जानकारी और उद्यमिता कौशल का दिया गया प्रशिक्षण



**भिलाई।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आईआईटी भिलाई एवं इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्व-सहायता समूह मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें एडवांस्ड मार्केटप्लेस लिटरेसी से जुड़ी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य मास्टर ट्रेनर्स की क्षमता को सुदृढ़ करना था, ताकि वे अपने समूहों एवं समुदायों में बाज़ार संबंधी ज्ञान और उद्यमिता कौशल का प्रभावी प्रसार कर सकें। कार्यक्रम का शैक्षणिक नेतृत्व मार्केट प्लेस लिटरेसी प्रोजेक्ट के संस्थापक एवं लॉयोला मैरीमाउंट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर प्रो. मधु विश्वनाथन ने किया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को ग्राहक की समझ, मूल्य सृजन, उत्पाद नवाचार, मूल्य निर्धारण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, गुणवत्ता प्रबंधन तथा व्यवसाय विस्तार जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस लगभग 200 मास्टर ट्रेनर्स तथा द्वितीय दिवस लगभग 100 उत्पाद-आधारित महिला उद्यमियों ने सहभागिता की। दूसरे दिन की चर्चाओं में स्थानीय बाजारों से आगे बढ़कर संस्थागत खरीदारों, डिजिटल प्लेटफॉर्मों और व्यापक बाजार अवसरों से जुड़ने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्योग विशेषज्ञों के साथ एक विशेष पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें विनिर्माण, उत्पाद गुणवत्ता, व्यवसाय प्रबंधन, ब्रांडिंग और डिजिटल मार्केटिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार बिस्वरंजन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। यह पहल महिला उद्यमियों की बाजार तक पहुंच, उत्पाद प्रतिस्पर्धात्मकता एवं सतत आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

23 सालों से कुहुकी कला ग्राम मरोदा सेक्टर में 10 दिवसीय लोक वाद्य कार्यशाला जारी

# चिकारा, तंबूरा और कुहुकी की धुन से बेलमेटल की खनक तक, परंपरागत लोक वाद्य यंत्रों को बना रहे सिद्ध कलाकार

छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से 10 दिवसीय लोक वाद्य कार्यशाला शिविर संग्रहालय परिसर कुहुकी कला ग्राम मरोदा सेक्टर मैत्री बाग चौक के बाजू में 14 जून से 26 जून तक जारी है। विगत 23 वर्ष से जारी इस शिविर में छत्तीसगढ़ अंचल के दूर-दराज से आए कलाकार न सिर्फ अपनी कलाकृतियों और वाद्य यंत्रों का निर्माण कर रहे हैं बल्कि एक दूसरे की कला को सीख भी रहे हैं। वहीं आगंतुक भी अपनी आंखों के सामने बनते वाद्य यंत्र व कलाकृतियां देख मंत्रमुग्ध है। यहां चिकारा, खंजेरी, तंबूरा, गतका, तुरही, चरहे, चिटकुली, कुहुकी और रूंजु सहित तमाम शिल्प से आगंतुक रूबरू हो रहे हैं। हर साल आयोजित होने वाले इस शिविर से शिल्पकारों को बाजार मिलता है, वहीं सभी को एक दूसरे की कला सीखने का अवसर भी मिलता रहता है। इससे शिल्पकारों अपनी-अपनी कला में निखार लाने का अवसर भी मिलता रहता हैं।

**भिलाई।** शिविर के संयोजक व प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने बताया कि उनके यहां वर्ष 2003 से यह 10 दिवसीय शिविर हर वर्ष मानसून आगमन के पहले गर्मियों में लगता रहा है। शुरूआती 4 वर्ष उन्होंने स्वयं की पहल से कलाकारों और शिल्पकारों को बुलाकर ऐसा शिविर आयोजित किया था लेकिन बाद में छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग ने पहल की और तब से शिविर हर साल आयोजित हो रहा है।

रिखी ने बताया कि शिविर की वजह से शिल्पकारों को बाजार मिल रहा है, वहीं सभी को एक दूसरे की कला सीखने का अवसर भी मिल रहा है। इससे शिल्पकार अपनी-अपनी कला में निखार ला रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 14 जून से शुरू हुई कार्यशाला में रोजाना सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7.30 बजे तक कार्य चलता है। पूरी तरह निःशुल्क इस कार्यशाला में कलाप्रेमी पहुंच कर कलाकृतियां बनते हुए प्रत्यक्ष देख सकते हैं। वहीं समापन अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। उन्होंने बताया कि शिविर के व्यवस्थित संचालन के लिए टीम से भोजन व्यवस्था अन्नपूर्णा क्षत्रिय, भोज,जनसंपर्क में गायक कुलदीप सार्वा, अजय उमरे, दिनेश वर्मा, राजेश साहू,नवीन साहू, संजू,नेहा, जया और अनुराधा का विशिष्ट योगदान है।

तैयार हो रहे हैं परंपरागत व दुर्लभ



वाद्यशिविर में आसपास और दूर-दराज के अंचल के अलग-अलग गांव से पहुंचे शिल्पकार परंपरागत वाद्य यंत्र तैयार कर रहे हैं। कोलिहापुरी दुर्ग से आए मनहरण दास बंजारे चिकारा बजाने में प्रवीण है और खुद चिकारा बनाते भी हैं। ग्राम दहिकोंगा कोंडागांव से शिबू कश्यप बेल मेटल से तुरही बनाने का कार्य कर रहे हैं। बेल मेटल शिल्प को बनिया पारा कोंडागांव से शिबू कश्यप आकार दे रहे हैं। लौह शिल्प में ग्राम दहीकोंगा से रामदास, मिट्टी शिल्प में मरारपारा कोंडागांव से डमरु चक्रधारी, काष्ठ कला में दीपक तारम लोहारा, बिजेलाल, राजनांदगांव जिले से पन्ना लाल डोंगरगढ़ से, रुंझू के लिए गाड़ाडीह से नंद कुमार देवार, डोरे लाल, और तंबूरा निर्माण के लिए रामकुमार पाटिल रनचिरई से आकर यहां कार्यशाला में शामिल हुए हैं।











लाइव इवेंट

## रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता का लिया संकल्प, सेवा कार्य, स्वच्छता दूतों का किया गया सम्मान



**भिलाई।** वैशाली नगर के पूर्व विधायक और भिलाई नगर निगम के पूर्व महापौर विद्यारतन भसीन की तीसरी पुण्यतिथि पर विभिन्न सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता दूतों का सम्मान, सामूहिक सहभोज और विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

स्व. भसीन के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता दूतों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। समर्थकों और परिजनों ने उनका गमछा पहनाकर एवं तिलक लगाकर सम्मान किया। इसके बाद सभी के लिए सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि विद्यारतन भसीन हमेशा स्वच्छता, सामाजिक सरोकारों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहे। पुण्यतिथि के अवसर पर बालाजी ब्लड बैंक के सहयोग से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया गया। शिविर में युवाओं, भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में रिकेश सेन, पुरुषोत्तम देवांगन, रामजी भारती सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, पार्षद और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय भसीन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने अपने संबोधन में भसीन के महापौर और विधायक कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि विद्यारतन भसीन का राजनीतिक जीवन सादगी, सहजता और जनसेवा का प्रतीक था। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने उनके सहयोगात्मक और जनहितैषी व्यक्तित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह से देर शाम तक चले कार्यक्रमों में हजारों लोगों ने भाग लिया और स्वर्गीय विद्यारतन भसीन के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।



## डायल 112 के उत्कृष्ट कर्मचारियों और चालकों का हुआ सम्मान

**भिलाई।** पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा बुधवार को डायल 112 सेवा में पदस्थ कर्मचारियों और चालकों की बैठक लेकर उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। इस दौरान आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और चालकों को सम्मानित भी किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डायल 112 पुलिस और आमजन के बीच त्वरित सहायता का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में प्रत्येक कर्मचारी और चालक को अपने दायित्वों का निर्वहन अनुशासन, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ करना चाहिए। बेहतर कार्य करने वालों में प्रधान आरक्षक भगतराम चंद्रवंशी तथा आरक्षक राजेश कुमार पाल, कौशलेंद्र सिंह, योगेंद्र बिलोने, शकील खान, गौतम भट्ट, बी. लक्ष्मण राव, सुमन मंडावी, हेमेन्द्र बंछोर, त्रिलोचन ठाकुर, फल्गो वर्मा और यशवंत देशमुख शामिल रहे। इसी प्रकार चालक संतोष कुमार, गोविंदा सिंह, तोपेश सोनवानी, बग्गा सिंह, लोकेश कुमार, डेविड ठाकुर,





अश्वनी कुमार, सुनील कुमार, विनोद कुमार, सुनील देशमुख, भीषम साहू, हेमंत कुमार, मनोज चंद्राकर, दिलेश्वर साहू, प्रीतम जांगड़े, थानेश्वर साहू, झानेश्वर एवं चित्रसेन को भी सम्मानित किया गया।

## केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ ने उपायुक्त से की मुलाकात

**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग की उपायुक्त सोमा घोष से सौजन्य भेंट कर शिक्षकों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से शिक्षकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, मेडिकल सुविधाओं तथा अन्य प्रशासनिक विषयों को प्रमुखता से उठाते हुए उनके प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार गिरी ने किया। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराते हुए कहा कि मेडिकल सुविधाओं सहित अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाए जाने की आवश्यकता है। सोमा घोष को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें



सम्मानित किया गया। सोमा घोष ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की स्वास्थ्य सुविधाओं सहित सभी वास्तविक समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन पूर्णतः संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने शिक्षकों से अपनी समस्याएं निर्धारित ग्रीवेंस प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत करने का आग्रह करते हुए कहा कि ग्रीवेंस दिवस को केवल औपचारिकता न बनाकर निरीक्षण, सतत अनुश्रवण एवं नियमित समीक्षा के माध्यम से अधिक प्रभावी और परिणाममूलक बनाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में शैलेंद्र कुमार गिरी, गणेश राम कावड़े, दिव्या साहू, अनामिका कश्यप तथा मुकेश कुमार देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित की जा रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा

कार्नर न्यूज

# श्रीमद्भागवत कथा का अपना एक अलग महत्व, श्रवण मात्र से पापी का भी हो जाता है कल्याण : श्याम सुंदर पाराशर

**भिलाई।** शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षाविद् आईपी मिश्रा के सौजन्य से आयोजित इस कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ किया जा रहा है। कथा का वाचन श्रीधाम वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास श्याम सुंदर पाराशर महाराज द्वारा किया जा रहा है। कथा 29 जून तक प्रतिदिन आयोजित होगी।

कथा के प्रथम दिवस पाराशर महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि किसी भी ग्रंथ के प्रति श्रद्धा तभी उत्पन्न होती है, जब उसकी महिमा का ज्ञान हो। जिस प्रकार किसी व्यक्ति के गुण, पद और महत्व को जानने के बाद उसके प्रति सम्मान की भावना जागृत होती है, उसी प्रकार श्रीमद्भागवत की दिव्यता एवं महिमा का ज्ञान होने पर ही उसके प्रति सच्ची श्रद्धा उत्पन्न होती है। इसी कारण कथा के प्रथम दिवस भागवत महात्म्य का श्रवण कराया जाता है।



### श्रीमद् भागवत कथा का अपना एक अलग महत्व, हर किसी को जानना चाहिए

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ का श्रवण नहीं, बल्कि आत्मकल्याण का सर्वोत्तम माध्यम है। इसके श्रवण मात्र से बड़े से बड़ा पापी भी मोक्ष का अधिकारी बन सकता है। यदि कोई व्यक्ति जीवनकाल में भागवत कथा का श्रवण नहीं कर पाए, तो मृत्यु के पश्चात भी किसी रूप में कथा का श्रवण उसके उद्धार का कारण बन सकता है। भागवत कथा जीव को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के मार्ग पर अग्रसर कर परमात्मा से जोड़ने का कार्य करती है। कथा स्थल पर प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया। संपूर्ण वातावरण भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### अंतिम दिन 29 जून को होगा प्रसादी का वितरण

श्रीमद् भागवत कथा में पहले दिन भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की महिमा और नारद-सनकादि संवाद की कथा सुनाई गई। आगे शुकदेव संवाद और परीक्षित मोक्ष कथा में राजा परीक्षित को शुकदेव द्वारा कथा सुनाए जाने का मुख्य प्रसंग का वर्णन होगा। इसके बाद भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों जैसे वराह अवतार, मोहिनी अवतार, और वामन अवतार की कथा सुनाई जाएगी। देवताओं और असुरों के बीच समुद्र मंथन, अमृत प्राप्ति और गजेंद्र (हाथी) के उद्धार की कथा होगी। कथा के दौरान कृष्ण जन्म, बाल लीलाएं, पूतना वध, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा और रासलीला का प्रसंग आएंगे, जिसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाएगा। भगवान कृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का भव्य प्रसंग और झांकियां दिखाई जाएंगे। कथा के अंतिम दिनों में सुदामा और कृष्ण की मित्रता तथा सुदामा की दरिद्रता मिटने की भावपूर्ण कथा होगी।



## सिटी इवेंट

# दुर्ग कोर्ट के ग्रंथालय परिसर में मिलेगी अब वाई-फाई की निःशुल्क सुविधा



**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ता सदस्यों की सुविधा एवं विधिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रंथालय परिसर में निःशुल्क वाई-फाई सुविधा प्रारंभ की है। इस सुविधा का शुभारंभ जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ता सदस्यों द्वारा विधिवत किया गया। इस अवसर पर जिला ग्रंथालय सचिव ज्ञान प्रकाश तिवारी ने बताया कि यह सुविधा अधिवक्ताओं को ऑनलाइन विधि, न्यायिक निर्णयों, अधिनियमों एवं अन्य कानूनी सामग्री तक मोबाइल के माध्यम से त्वरित एवं सहज व्यक्तिगत पहुंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से अधिवक्ताओं को अपने विधिक कार्यों के निष्पादन में सहायता मिलेगी तथा न्यायालयीन कार्यों की गुणवत्ता एवं दक्षता में वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं के हित में अन्य तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश शर्मा, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष साकेत मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, महिला उपाध्यक्ष पूजा मोंगरी, सह सचिव राकेश यदु, संध्या, आरएस मानिकपुरी, यशोदा सिक्का, केशव वर्मा, निखिल महलवार, रविश राजपूत, अमर जैन, राजेश नायक, अनामिका गुहा एवं गायत्री उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी लाइव

# रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर याद किया उनके शौर्य व साहस को



**दुर्ग ।** वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान दिवस के अवसर पर केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ द्वारा सिविल लाइन चौक स्थित साईं द्वार के सामने स्थापित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रतिमा का पूजन कर माल्यार्पण किया तथा उनके अद्वितीय शौर्य, साहस और बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अरुण वोरा शामिल हुए। वहीं केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर, कोषाध्यक्ष सीताराम ठाकुर, दुष्यंत शोरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में दिलीप ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरुण वोरा ने रानी दुर्गावती के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, लेकिन कभी भी शत्रुओं के सामने घुटने नहीं टेके। उनके साहस, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना आज भी समाज को प्रेरित करती है। केन्द्रीय गोंडवाना महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन संघर्ष, त्याग और वीरता का अनुपम उदाहरण है। उक्ताशय की जानकारी केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के कोषाध्यक्ष सीताराम ठाकुर ने कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान देश और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा आने वाली पीढ़ियों तक उनके आदर्शों को पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान रानी दुर्गावती अमर रहें और शहीद वीरांगना रानी दुर्गावती अमर रहें के नारों से वातावरण गूंज उठा। महिला मित्र गोंडवाना संगठन की सदस्यों ने भी रानी दुर्गावती के शौर्य, वीरता और बलिदान से जुड़े प्रेरक संस्मरण साझा किए तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। शहादत दिवस कार्यक्रम में समाज के करण नेताम, पन्ना नेताम, कमलेश नागरची, भीष्म नागेश माहेश्वरी, कोयल, चंद्रकांता, शरद, राजेश्वरी, पूजा, सेवती, भानुप्रभा नेताम, ऊषा, चंद्रकला, अनीता नेताम, पूर्णिमा, प्रभा, पूनम, राहुल, रमेश साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# नशामुक्ति को लेकर कॉलेज की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली




**दुर्ग।** राष्ट्रीय सेवा योजना ने बुधवार को साइंस कॉलेज परिसर में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए नशा मुक्ति विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय रूप से जागरूकता रैली और नारा, निबंध लेखन प्रतियोगिता का संचालन किया। कार्यक्रम की शुरुआत एक जागरूकता रैली के साथ हुई। स्वयंसेवकों ने हाथों में नशा विरोधी संदेशों वाली तख्तियां लेकर कॉलेज परिसर के भीतर रैली निकाली और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने व एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। इसके बाद नारा लेखन , पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने नशा मुक्ति पर आधारित एक से बढ़कर एक प्रभावशाली और प्रेरणादायक नारे लिखे। यह पूरा कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना मान, तरुण साहू, डॉ. सुमित अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर राधिका साहू, रोशनी द्विवेदी, मुस्कान, नीता, नंदिनी, देवांशी, पद्मिनी, मोहम्मद आदिल, अनुभव झा, युवराज यादव एवं भाग्यांशु विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

- साइंस कॉलेज में एनएसएस ने आयोजित की नारा, निबंध और लेखन प्रतियोगिता

## आनंद सरोवर बघेरा में मातेश्वरी ओम राधे की 61वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

# निराकार शिव ने साधारण मनुष्य तन का लिया आधार, जिनका नाम था दादा लेखराज, अध्यात्म मन की शांति का मार्ग

दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में बुधवार को संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका ओम राधे की 61वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। दुर्ग से संबद्ध शहरी एवं ग्रामीण अंचल से लगभग 1500 से अधिक भाई-बहनों ने कार्यक्रम में शामिल होकर मातेश्वरी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने मातेश्वरी के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय का पूर्व नाम ओम मंडली था। निराकार परमपिता परमात्मा शिव ने साधारण मनुष्य तन का आधार लिया जिनका नाम दादा लेखराज था। इसी के साथ इस आध्यात्मिक संस्था की शुरुआत हुई। उसी समय संस्था में एक कन्या आई जिनका नाम राधे था। आध्यात्मिक प्रवचन के पहले वे ओम की ध्वनि किया करती थीं, इसीलिए ओम राधे के नाम से प्रसिद्ध हुईं। उन्होंने परमात्मा के दिए ज्ञान को आत्मसात कर अपने जीवन को पूरी तरह परिवर्तित कर लिया। परिणामस्वरूप परमात्मा ने उन्हें संस्था में रहने वाले 350 बच्चों की आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा की पालना के निमित्त बना दिया।





### मनुष्य की आत्मा अपना-अपना पार्ट प्ले कर रही है

रीटा दीदी ने कहा कि ओम राधे ने इस जिम्मेदारी को इतनी बखूबी से निभाया कि सभी का जीवन दिव्यता संपन्न बना दिया। उनके आचरण और व्यवहार में स्वयं इतनी दिव्यता थी कि संस्था के सभी भाई-बहनें उन्हें मम्मा कहकर संबोधित करते थे। सबसे विशेष बात यह थी कि उनका जन्म देने वाली मां भी उन्हें मम्मा ही कहती थीं मातेश्वरी अक्सर कहा करती थीं कि यह सृष्टि कर्म का खेत है, जहां हर मनुष्य आत्मा अपना-अपना पार्ट प्ले कर रही है। इसमें परमात्मा का भी पार्ट है, लेकिन वह आत्माओं के सदृश्य जन्म-मरण के चक्र में नहीं आते। वर्तमान समय में स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा शिव इस सृष्टि पर आकर ज्ञान दे रहे हैं। इसलिए इस समय को पहचान कर बुद्धि रूपी नेत्र को जागृत करना चाहिए तथा समय का सदुपयोग कर अपनी तकदीर जगानी चाहिए।ओम राधे को परमात्मा की आज्ञा के प्रति सदैव अटूट सम्मान रहा। हर बात में वे हां जी, हां जी कहती रहीं और अपनी इसी आज्ञाकारिता की विशेषता के कारण अध्यात्म जगत के शिखर पर आरूढ़ हो गईं। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन ईश्वरीय सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम का समापन मातेश्वरी को भोग स्वीकार कराने के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित सभी भाई-बहनों को वरदान कार्ड दिए गए और भोग का वितरण किया गया। पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।



### मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी की 61वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा की 61वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस पर सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में ब्रह्मावत्सो ने मौन में रह संगठित रूप से राजयोग द्वारा मातेश्वरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भिलाई सेवा केंद्र की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने मातेश्वरी जी से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए कहा कि वें 17 वर्ष की आयु में राधे नाम की साधारण कन्या के रूप में संस्था के संपर्क में आई और परमात्म ज्ञान को अपने जीवन में धारण किया,जीवन की हर घड़ी अंतिम घड़ी समझ कर श्रेष्ठ कर्मों द्वारा सभी को स्व परिवर्तन की सहज प्रेरणा दी। मातेश्वरी जगदम्बा ने उस युग में नारी नेतृत्व का आदर्श प्रस्तुत किया जब महिलाओं को सामाजिक नेतृत्व सीमित था। निस्वार्थ भाव से विश्व कल्याण की सेवा करते हुए 24 जून 1965 में अपने भौतिक देह का त्याग कर सम्पूर्ण स्थिति को प्राप्त किया। भिलाई, दुर्ग सहित विश्व के सभी सेवा केंद्रों में उनकी शिक्षाओं को आत्मसात कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शपथ ग्रहण समारोह

# डब्ल्यू ई क्लब भिलाई की नई कार्यकारिणी घोषित, मीरा अग्रवाल अध्यक्ष निर्वाचित




**भिलाई।** द एसोसिएशन ऑफ डब्लूई क्लब्स ऑफ इण्डिया 323 जी-3 के क्लब डब्लूई क्लब भिलाई ग्रेट का शपथ ग्रहण समारोह होटल अमित इंटरनेशनल के सभागार में उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी के रूप में चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट अनिता अग्रवाल उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट फाउंडर मेम्बर ऊषा अग्रवाल एवं अनिता पाण्डेय मौजूद थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। ध्वज वन्दना प्रभा पटेल ने की। स्वागत भाषण मंजू बंसल ने दिया जबकि स्वागत गीत लता अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन भारती अग्रवाल ने किया और आभार प्रदर्शन सरोज अग्रवाल ने किया। शपथ अधिकारी अनिता अग्रवाल ने क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को लगन एवं निष्ठा से दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा कार्यों के साथ-साथ व्यवहार में मधुरता एवं विनम्रता लाना अत्यंत आवश्यक है। ये दोनों गुण ही दूसरों के दिलों को स्पर्श करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा, जो रंगता है रूह को, वो असली रंगरेज होता है। पदाधिकारियों ने अग्नि को साक्षी मानकर अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीरा अग्रवाल ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए आगामी सत्र की कार्य योजना विस्तार से सदन के सामने रखी। उन्होंने क्लब के माध्यम से समाज सेवा के नए आयाम स्थापित करने की बात कही। नव निर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष मीरा अग्रवाल, सचिव लता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सरोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष मंजू बंसल, सरोज दिनोदिया, के राजेश्वरी, सह सचिव अचला जैन, सह कोषाध्यक्ष भावना गुलहाने, टेमर सुनीता अग्रवाल, टेल ट्विस्टर अनिता गोयल शामिल हैं।

## 26 जून को होना है आयोजन

# मोहर्रम पर्व की तैयारियां शुरू सद्भावना मोहर्रम कमेटी का गठन

**दुर्ग।** 26 जून को मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रूप से मनाया जाएगा। इसे लेकर सिविल लाइन कसारीडीह क्षेत्र में सद्भावना मोहर्रम कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी के गठन के दौरान क्षेत्र के सामाजिक एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। कमेटी के संयोजक के रूप में पूर्व पार्षद एवं शहर जिला मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अल्ताफ अहमद को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं कमेटी के संरक्षक मंडल में धनेंद्र कांत चंदेल, संतोष मिश्रा, शमसुद्दीन आकिब, नवनीत राम, शत्रुघ्न गुप्ता, प्रकाश शिवणकर, सोमू मुखर्जी, सैय्यद आरिफ को शामिल किया गया है। नवगठित कमेटी में शिवाकांत तिवारी अध्यक्ष बनाए गए है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष भरत चक्रवर्ती, सैय्यद मंजूर, सचिव नवीनराम अमूल, कोषाध्यक्ष निशांत जुग्ग, सह कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, सहसचिव एजाज अहमद, शोबी नियुक्त किए गए है। कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव के वातावरण में मनाने के लिए सभी समाजों और समुदायों का सहयोग लिया जाएगा। पर्व के दौरान धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश भी दिया जाएगा।



## आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा की साहित्यिक कृतियों पर हुई चर्चा, साहित्यकार जुटे

# परिचर्चा में साहित्यिक मंथन, साहित्यकारों ने कहा- हमारे वेद-पुराण भारतीय साहित्य और संस्कृति के पोषक

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के तत्वावधान में हिंदी एवं संस्कृत के साहित्यकार एवं शिक्षाविद् आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा की साहित्यिक कृतियों पर एक गरिमामय एवं ज्ञानवर्धक परिचर्चा का आयोजन सियान सदन वैशाली नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा एवं समाज सेवा से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिकों, साहित्यकारों एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरम्भ के मुख्य संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा थे। अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। विशेष रूप से आरम्भ के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने आलेख पठन कर आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा के बहुआयामी साहित्यिक अवदान, संस्कृत एवं हिंदी भाषा के प्रति उनके समर्पण तथा उनकी रचनाओं में निहित सांस्कृतिक, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा की तीन विशेष कृतियों -गागर में सागर, साहित्य और समाज एवं प्रेरणा प्रदीप पर विद्वान वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. शर्मा की पुस्तकों को पढ़कर सार्थक और सन्तोष जनक जीवनोपयोगी प्रेरणा मिलती है। कवि डॉ. विजय कुमार गुप्ता, शुचि, डॉ. दीनदयाल साहू तथा वर्षा ठाकुर ने आचार्य शर्मा की विभिन्न कृतियों पर अपने शोधपरक एवं समीक्षात्मक आलेखों का वाचन किया।




### साहित्यकार समाज की सांस्कृतिक चेतना को करता है जागृत

कैलाश जैन बरमेचा ने कहा कि आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा जैसे विद्वान साहित्यकार समाज की सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने का कार्य करते हैं। उनकी साहित्यिक साधना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी रचनाएं अंधेरे में उजाले का आभास देती है। उनकी कथनी एवं करनी में समानता है। प्रदीप भट्टाचार्य ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं, बल्कि उसके मार्गदर्शन का सशक्त माध्यम है। आचार्य शर्मा की रचनाओं में भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों का उत्कृष्ट समन्वय दिखाई देता है। घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि वरिष्ठ साहित्यकारों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर इस प्रकार की परिचर्चाएं साहित्यिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा के दीर्घकालीन साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें हिंदी एवं संस्कृत जगत की अमूल्य निधि बताया।



### महासंघ ने वरिष्ठ साहित्यकारों का किया सम्मान

आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने कहा कि साहित्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है और साहित्य साधना का उद्देश्य मानवता एवं संस्कृति की सेवा होना चाहिए। उन्होंने भारतीय साहित्य एवं संस्कृति को उत्कृष्ट बताया। उन्होंने कहा कि हमारे वेद पुराण भारतीय साहित्य एवं संस्कृति के पोषक एवं धरोहर हैं। महासंघ की ओर से समस्त अतिथियों, रचनाकार एवं वरिष्ठ साहित्यकारों को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार गुप्ता, जोसफ एवं शोभाराम भोगड़े का अंगवस्त्र, श्रीफल, एवं पुष्प वर्षा कर दीर्घ जीवन गौरव सम्मान से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लोकप्रिय गायक जोसफ एवं संतोष शुक्ला ने सुमधुर गीत प्रस्तुत कर समां बांधा। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ एवं आरती से हुआ। इस अवसर पर गंगाचरण पुरोहित, प्रेमनाथ त्रिपाठी, धानेश्वर निर्मल, शिवप्रसाद साहू, हुकुमचंद देवांगन, डीए करमाकर, भोजराज दास, आर के पुरोहित, शैलजा वार्ष्णेय, ईश्वरी साहू, दशरथ सिंह भुवाल, जोसफ, शायर मुमताज आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### श्मशान घाट के पार अवैध शराब जब्त

**दुर्ग।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ दुर्ग पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में रानीतराई थाना पुलिस ने ग्राम घोरारी में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।
पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम घोरारी के श्मशान घाट के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नौगेन्द्र बंजारे (45 वर्ष), निवासी ग्राम घोरारी, थाना रानीतराई बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में रखी बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के पास से 88 पौवा देशी प्लेन मदिरा, 42 पौवा देशी शोले मसाला मदिरा और 23 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब जब्त की। इसके अलावा शराब बिक्री से प्राप्त 700 रुपए नकद भी बरामद किए गए। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 14,700 रुपए बताई गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अवैध शराब बिक्री करना स्वीकार किया। इसके बाद उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को 24 जून को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### मीसाबंदियों का सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल की वर्षगांठ पर लोकतंत्र सेनानियों और मीसाबंदियों का सम्मान कार्यक्रम 25 जून को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय में आयोजित है। इस अवसर पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले तथा जेल यातनाएं सहने वाले मीसाबंदियों का शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# नो पार्किंग पर खड़े वाहनों पर सख्ती, 107 चालकों के कटे ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

**वर्ष 2026 में अब तक 3091 वाहन चालकों पर कार्रवाई**





सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा नो पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 23 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर के व्यस्त क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 107 वाहनों पर ई-चालान जारी किया गया।

यातायात पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान सड़क और हाईवे पर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि वे अपने वाहन ऐसे स्थानों पर खड़े न करें, जिससे यातायात प्रभावित हो या दुर्घटना की संभावना बढ़े। अभियान के तहत शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों और व्यस्त मार्गों में भी विशेष जांच की गई। आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों पर ई-चालान की कार्रवाई कर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया।

यातायात पुलिस के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक नो पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 3,091 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क और राष्ट्रीय राजमार्गों पर अनियंत्रित पार्किंग कई बार गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती है। इसे रोकने के लिए वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। दुर्ग पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## मिर्जापुर के लेखक अपूर्व बोले - अपनी मिट्टी से जुड़ी कहानियां ही दुनिया से जुड़ती हैं

# बॉलीवुड डायरेक्टर अपूर्वधर और फिल्म भूतनाथ फेम विवेक शर्मा ने खोले फिल्म इंडस्ट्री के राज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

**जिसे रिजेक्शन से डर नहीं लगता, वही आएं मुंबई**

रूंगटा यूनिवर्सिटी में बुधवार को दो दिवसीय फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई। पहले दिन ओटीटी की सबसे प्रसिद्ध वेब सीरीज मिर्जापुर के लेखक और डायरेक्टर अपूर्वधर बड़गैयां इस फेस्टिवल का हिस्सा बनें। वहीं दूसरे दिन गुरुवार को चक दे इंडिया फिल्म में कोमल चौटाला का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री चित्राशी रावत शामिल होंगी। उनके साथ फिल्म एलओसी फेम अभिनेता कियान बसोडिया, एक्टर प्रोड्यूशर धुर्व आदित्य भागवानानी, छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री के डायरेक्टर सतीश जैन और अनुज शर्मा फिल्मों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, सीईओ सोनल रूंगटा, स्कूल ऑफ फिल्म एंड मीडिया के डीन समर्थ लहरी के साथ केपीएस रायपुर के डायरेक्टर आशुतोष त्रिपाठी और अभिषेक त्रिपाठी मौजूद थे। अपूर्वधर बड़गैयां ने कहा कि अकसर मायानगरी मुंबई में लोग पूछते हैं कि, तुम कहां से हो? तब मैं गर्व से कहता हूं, बिलासपुर छत्तीसगढ़। इस संवाद के बाद अपूर्व के लिए ऑडिटोरियम में जमकर तालियां बजीं। अपूर्व ने वेव सीरीज और फिल्मों की दुनिया में जगह बनाने का स्ट्रगल साझा करते हुए कहा कि,एक-दो दशक पहले तक लोगों के लिए फिल्में देखना किसी त्योहार या रस्म की तरह था। फिल्मी कलाकार आम लोग नहीं माने जाते थे। वे सितारे थे, जो किसी दूसरी ही दुनिया में रहते हैं। सच कहूं तो मुझे खुद फिल्मों का उतना आकर्षण नहीं था, जितना इस बात का था कि आखिर लोग फिल्मों को लेकर इतने दीवाने क्यों हैं। वे जानते थे कि पर्दे पर दिखाई जा रही कहानी काल्पनिक है, फिर भी उससे गहराई से जुड़ जाते थे। शायद यहीं से मेरे अंदर फिल्म बनाने की कला को समझने की जिज्ञासा पैदा हुई। मेरी यात्रा छोटे शहर से शुरू होकर मुंबई तक पहुंच गई।




### छत्तीसगढ़ में बनाई चमन बहार

अपूर्व ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री के लिए नई पीढ़ी में भरपूर साहस है, बशर्ते उन्हें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। यदि आज किसी को फिल्म राइटर बनना है तो उसे खूब सुनने की आदत डालनी होगी। बहुत लिखना और उससे भी ज्यादा बार दोबारा लिखना होगा। इंतजार करना होगा, असफलताएं देखनी होंगी। कई बार ठुकराए जाएंगे, लेकिन फिर भी लिखना नहीं छोड़ेंगे तो एक दिन जरूर अच्छे राइटर बन जाएंगे। मैं आज भी यह सबकुछ करता हूं। लिखता हूं, इंतजार करता हूं, रिजेक्शन झेलता हूं और फिर दोबारा लिखता हूं। मेरे लिए यही सबसे महत्वपूर्ण सीख रही है। अपूर्व ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को भी अपने संवाद में शामिल किया। कहा कि, उनकी एक बात मुझे हमेशा याद है। उन्होंने कहा था कि, जितना कोई रचना अपनी मिट्टी और अपने स्थानीय अनुभवों से जुड़ी होती है, उतनी ही वह वैश्विक बन जाती है। यानी जो जितना स्थानीय होगा, वह उतना ही दुनिया के लोगों से जुड़ पाएगा। यही वजह है कि सीरीज मिर्जापुर हो गया चमन बहार हर एक में मेरा स्थानीय जुड़ाव पर आधारित लेखन दिखाई पड़ता है।

### छात्रों की फिल्मों ने जीते पुरस्कार

इस फिल्म फेस्टिवल में स्कूलों और विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और फिल्म निर्माण कौशल दिखाया। छात्रों के बीच हुई फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अयान को उनकी फिल्म 1 परसेंट बैटरी के लिए मिला। जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री भूमिका पांडेय रहीं। सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार जेवाईसी सेकेंडरी स्कूल एंड फिल्म एंड मीडिया के विद्यार्थियों को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ छायांकन (सिनेमेटोग्राफी) के लिए प्रतीक किशन को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ वर्टिकल ड्रामा का पुरस्कार अनम्यूट को मिला, जबकि समावेश को फिल्म का सर्वश्रेष्ठ संदेश देने के लिए चुना गया। सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म (ज्यूरी) का पुरस्कार द अदर साइड को मिला।सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान राहुल झा को दिया गया। प्रतियोगिता में रायपुर,



### रिजेक्शन से घबराएं नहीं, सीखें

बॉलीवुड फिल्म भूतनाथ के डायरेक्टर विवेक शर्मा थे। उन्होंने फेस्टिवल में शामिल फिल्म मेकिंग और डायरेक्शन में रुचि रखने वाले सैकड़ों युवाओं से कहा कि,फिल्म और मनोरंजन जगत में करियर बनाने के लिए केवल प्रतिभा काफी नहीं होती, बल्कि आत्म अनुशासन, लगातार सीखने की इच्छा और कठिन परिस्थितियों में भी डटे रहने का जज्बा जरूरी होता है। उन्होंने युवाओं को हिंदी के साथ साथ अंग्रेजी और ऊर्दू भाषा में भी पकड़ बनाने की सलाह दी। आज भारतीय सिनेमा दुनिया के कई देशों तक पहुंच रहा है। भारतीय फिल्मों और कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। ऐसे में युवाओं के लिए इस क्षेत्र में अवसर भी बढ़े हैं। इस क्षेत्र का सबसे सामान्य हिस्सा रिजेक्शन है। इससे घबराने के बजाय सीखने की जरूरत होगी। जो लोग लगातार सीखते रहेंगे, वही आगे चलकर अपनी अलग पहचान बनाएंगे।

### साइन बोर्ड पोल झुका, बिजली तार से टकराने पर हादसे की आशंका

**भिलाई।** पावर हाउस चौक से नंदिनी रोड जाने वाले मार्ग पर लगे यातायात सुरक्षा संकेतक साइन बोर्ड को लेकर लोगों ने चिंता जताई है। आंधी-तूफान के कारण नगर निगम द्वारा लगाया गया साइन बोर्ड एक ओर झुक गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शिवसेना (यूबीटी) के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि सड़क किनारे लगा यह बोर्ड वर्तमान में खतरनाक स्थिति में है और जिस दिशा में झुका हुआ है, उसके ठीक पास से बिजली के तार भी गुजर रहे हैं। ऐसे में तेज हवा या आंधी आने पर बोर्ड के बिजली तारों से टकराने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इसे ठीक नहीं किया गया तो विद्युत दुर्घटना या अन्य गंभीर हादसे की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे जनहानि होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। शिवसेना यूबीटी ने नगर निगम प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि साइन बोर्ड का तत्काल निरीक्षण कर उसे सुरक्षित स्थिति में लगाया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। राजू गुप्ता ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और संभावित खतरे को देखते हुए प्रशासन को बिना देरी आवश्यक कदम उठाने चाहिए।



### शासकीय भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने जिला प्रशासन की निरंतर कार्रवाई

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में शासकीय संपत्तियों को सुरक्षित रखने और अवैध कब्जों को हटाने विधि सम्मत कार्रवाई जारी है। धमधा तहसील अंतर्गत भी शासकीय आबादी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। तहसीलदार धमधा मीना साहू ने बताया कि धमधा स्थित शासकीय आबादी भूमि खसरा नंबर 1719/1 में 1525 वर्गफीट पर संतु यादव ने शेड डाला था। शिकायत पर जांच के बाद 23 जून को बेदखली की कार्रवाई की गई। मौके पर अवैध टीन शेड को हटवाकर उक्त मूल्यवान भूमि को शासन के नियंत्रण में सुरक्षित कर लिया गया है। इस पूरी कार्यवाही के दौरान हल्का पटवारी, कोटवार, स्थानीय पार्षदगण एवं नगरवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रशासन की इस वैधानिक कार्रवाई की स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है।

# लोकतंत्र का काला अध्याय था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



आपातकाल की 51वीं बरसी के पूर्व जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश के युवाओं को भी यह जानना चाहिए कि आपातकाल के दौरान जनता को किस तरह की यातनाएं झेलनी पड़ी थीं।

उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक लागू आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे अलोकतांत्रिक काल था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल लागू किया था। इस दौरान चुनाव स्थगित कर दिए गए और नागरिक अधिकारों पर व्यापक प्रतिबंध लगाए गए। विधायक सुनील सोनी ने कहा कि उस समय विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों को बड़ी संख्या में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने दावा किया कि लाखों लोगों ने सत्याग्रह किया और हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जेल भेजा गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लोगों ने संघर्ष किया, जिसके बाद देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था पुनः स्थापित हुई। उन्होंने वर्तमान समय में भी लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के प्रति सजग रहने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इतिहास से सीख लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री विनोद अरोरा, जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, प्रवक्ता रजा खोखर, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी और विनायक नातू सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रवेश उत्सव की धूम, तिलक लगाकर बच्चों का किया स्वागत



**भिलाई।** दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका में बुधवार को धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान अतिथि के रूप में हरिभूमि के ब्यूरो चीफ डॉ. संदीप उपाध्याय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भिलाई महेश वर्मा, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष कन्हैया सोनी, प्रदेश संयोजक आईटी सेल अमित मिश्रा, दिव्यारतन भसीन, निशीकांत शर्मा, सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर सम्मान करते हुए पाष्ठ पुस्तक वितरित किए गए। साथ ही शिक्षा, नृत्य व कम्प्युटर के क्षेत्र में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। डांस टीचर प्रवीण और प्रिया द्वारा प्रशिक्षित बच्चों ने छत्तीसगढ़ियां, ओडिशा, पंजाब, महाराष्ट्र के लोक नृत्य की मनमोहनक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जेपी घनघोरकर संचालक दिव्य अनुभूति विद्यालय, मधुरी वर्मा, रूपेश्वरी साहू, तिलेश्वरी साहू, ममता पाण्डेय, अनिता शर्मा सहित बड़ी सख्या में पालकगण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालक डीएस साहू ने किया।

# नशा बन रहा अपराधों की जड़ : राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



दुर्ग-भिलाई में बढ़ते अपराध और नशे के मामलों को लेकर दुर्ग नगर निगम के पूर्व सभापति एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार नारायणी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि शहर और जिले में लगातार हत्या, चाकूबाजी, लूट, चोरी तथा अन्य गंभीर अपराधों की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आम नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। कांग्रेस नेता राजकुमार नारायणी ने कहा कि पिछले कुछ समय में हुई कई हत्या और गंभीर आपराधिक घटनाओं में नाबालिग आरोपियों की संलिप्तता सामने आई है। अधिकांश मामलों में मामूली विवाद, आपसी रंजिश अथवा रुपए-पैसों के लेन-देन को लेकर हिंसक घटनाएं हुई हैं। चिंताजनक तथ्य यह है कि इन घटनाओं में नशे की भूमिका भी सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ ऑपरेशन विश्वास अभियान चलाकर अवैध शराब, गांजा और अन्य मादक पदार्थों के कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद नशे का नेटवर्क पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाया है। समाज के सामने यह एक गंभीर चुनौती बन चुका है। श्री नारायणी ने कहा कि जिले के पुलिस थानों में उपलब्ध आंकड़े भी जिले में बढ़ते आपराधिक गतिविधियों की ओर संकेत करते हैं। अपराध केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक चिंता का विषय भी है। यदि किशोर और युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आकर अपराध की ओर बढ़ रहा है, तो यह समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। श्री नारायणी ने कहा कि नशा नाश की जड़ है। आज के बच्चे और युवा ही देश और प्रदेश का भविष्य हैं। यदि वे नशे और अपराध के दलदल में फंसते गए तो समाज का भविष्य प्रभावित होगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए विशेष नीति बनाकर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि युवाओं को अपराध और नशे के दुष्चक्र से बचाया जा सके तथा दुर्ग-भिलाई सहित पूरे प्रदेश में सुरक्षित वातावरण स्थापित हो सके।

## जनदर्शन में प्राप्त हुए 140 आवेदन

# लोगों ने समस्याओं को लेकर कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अपर कलेक्टर सिल्ली थॉमस भी उपस्थित थीं। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 140 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में प्राप्त विभिन्न आवेदनों पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली और उक्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

- **कलेक्टर अभिजीत सिंह ने लोगों की सुनी शिकायत**

### भूमि चिन्हांकन करा कब्जा दिलाने की मांग

भिलाई निवासी विधवा महिला ने अपने नाम से आवंटित पट्टे की जमीन का चिन्हांकन कर कब्जा दिलाने की मांग की। महिला ने बताया कि वर्ष 1998 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत उनके एवं उनके दिवंगत पति के संयुक्त नाम पर भू-स्वामित्व पट्टा जारी किया गया था, लेकिन उन्हें आज तक उस जमीन के वास्तविक स्थान की जानकारी नहीं है। वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ बीएसपी क्वार्टर में निवास कर रही हैं, जहां जर्जर मकानों को तोड़ने की कार्यवाही चल रही है। ऐसे में परिवार के सामने आवास का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने पट्टे की भूमि का चिन्हांकन कराकर उन्हें कब्जा दिलाने तथा नियमानुसार मकान निर्माण की अनुमति प्रदान करने की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने तहसील नजूल को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### फोरलेन सड़क 20 मीटर करने की मांग

बोरसी निवासियों ने प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण को 22 मीटर से कम कर 20 मीटर किए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि महाराजा चौक से बोरसी चौक तक सड़क का चौड़ीकरण अधिकांश हिस्सों में 20 मीटर के मानक के अनुसार किया जा रहा है, जबकि किराना दुकान से होटल तक सड़क को 22 मीटर चौड़ा किए जाने की योजना है, जिससे स्थानीय लोगों की निजी संपत्तियां प्रभावित होंगी। पूरे मार्ग में एक समान 20 मीटर चौड़ाई के मानक से नापजोख कराने आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने ईई लोक निर्माण विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### मवेशियों के हमले से लोग हो रहे शिकार

पद्मनाभपुर क्षेत्र अंतर्गत धनोरा स्थित शकुंतला नगरवासियों ने एक मकान में बड़ी संख्या में पालतू कुत्ते रखे जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि मकान मालिक एवं उनके किराएदारों द्वारा करीब 50 कुत्तों को पाला गया है, जिन्हें अक्सर बिना निगरानी के बाहर छोड़ दिया जाता है। रहवासियों ने बताया कि कुत्तों के झुंड से क्षेत्र में भय का माहौल है तथा कई बार राहगीरों और मवेशियों पर हमला करने की घटनाएं सामने आई हैं। आवेदकों ने बताया कि इस संबंध में थाना पद्मनाभपुर में लिखित शिकायत भी दी गई थी, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### 10 पंचायतों में ओपन जिम के लिए मिले 60 लाख

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अहिवारा के विभिन्न गांवों में 10 विकास कार्यों के लिए कुल 60 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा की अनुशंसा पर उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहिवारा विधानसभा के धमधा विकासखंड के अंतर्गत कुल 10 ग्राम पंचायतों में ओपन जीम निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत ग्राम पंचायत मलपुरीखुर्द, ग्राम हिंगनाडीह, ग्राम पंचायत खपरी, ग्राम करहीडीह ग्राम पंचायत डूमर, ग्राम पंचायत लहंगा ढौर, ग्राम पंचायत ढौर खेरधी, ग्राम पंचायत सहगांव पथरिया आदि जिम निर्माण कार्य हेतु 06-06 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

समक्षः-श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता दीपेश कुमार पटेल आ. श्री घनाराम पटेल, उम्र 34 वर्ष, निवासी- मकान नं.- 37, वार्ड नं.-02, ग्राम व पोस्ट निकुम, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूं जो कि अपना निम्नलिखित शपथपूर्वक अभिकथन करता हूं कि:-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी पुत्री चंचल (Chanchal) पिता श्री दीपेश कुमार पटेल माता दिव्या, का जन्म तिथि 17/04/2026 है जो कि सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) जिला चिकित्सालय दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) से जारी हुआ है जिसका पंजीयन कमांक B20262290171 0002536, पंजीकरण दिनांक 20/04/2026, जारी करने की तिथि 20/04/2026 है।
4. यह कि मेरी पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र पर उसका नाम त्रिशा (Trisha) दर्ज है जो कि गलत है।
5. यह कि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम चंचल (Chanchal) है जो कि सत्य एवं सही है।
6. यह कि मेरी पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र पर उसका नाम त्रिशा (Trisha) दर्ज है उसके स्थान पर मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम चंचल (Chanchal) दर्ज करवाना चाहता हूं।
7. यह कि उपरोक्त बातो की सत्यता के प्रमाण में शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

दीपेश कुमार
शपथकर्ता

# प्री-मानसून धमाका

**गर्मी से राहत और खरीदारी का नया उत्सव**

## वाटर पार्क, फर्नीचर और गारमेंट्स सेक्टर में बढ़ी रौनक, कारोबारियों को बेहतर सीजन की उम्मीद










**गर्मी की तपिश के बीच मानसून के आगमन से पहले बाजारों में एक नई हलचल देखने को मिल रही है। लोगों की बदलती जरूरतों और सीजनल खरीदारी को देखते हुए कारोबारियों ने "प्री-मानसून धमाका" के साथ ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर और नई रेंज पेश की है। जहां एक ओर वाटर पार्क गर्मी से राहत और मनोरंजन का नया ठिकाना बन रहे हैं, वहीं फर्नीचर और गारमेंट्स बाजार में भी ग्राहकों की पसंद के अनुसार नए कलेक्शन और विशेष योजनाएं शुरू की गई हैं।**



### वाटर पार्क में प्री-मानसून का उत्साह

गर्मी के मौसम में वाटर पार्क लोगों की पहली पसंद बन जाते हैं। मानसून शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में लोग परिवार और दोस्तों के साथ मनोरंजन के लिए वाटर पार्क का रुख कर रहे हैं। इसी को देखते हुए वाटर पार्क संचालकों ने प्री-मानसून धमाका के तहत कई आकर्षक योजनाएं शुरू की हैं।

नई वाटर राइड्स, फैमिली पैकेज, ग्रुप डिस्काउंट और स्पेशल एंट्री ऑफर्स के जरिए ग्राहकों को आकर्षित किया जा रहा है। बच्चों से लेकर युवाओं और परिवारों तक के लिए मनोरंजन के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं। व्यापारियों का मानना है कि मानसून से पहले का समय वाटर पार्क कारोबार के लिए महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान लोग गर्मी से राहत पाने के साथ-साथ वीकेंड प्लानिंग भी करते हैं, जिससे कारोबार में तेजी आती है।




### फर्नीचर बाजार में नई डिजाइन और बदलाव

मानसून से पहले घर की साफ-सफाई और रेनोवेशन का ट्रेंड भी बढ़ जाता है। इसी कारण फर्नीचर बाजार में ग्राहकों की मांग बढ़ रही है। लोग घर के इंटीरियर को बेहतर बनाने के लिए नए डिजाइन के सोफा, बेड, डाइनिंग सेट, ऑफिस फर्नीचर और मॉड्यूलर फर्नीचर की खरीदारी कर रहे हैं।

प्री-मानसून ऑफर्स के तहत फर्नीचर दुकानदारों ने आकर्षक डिस्काउंट, आसान भुगतान सुविधा और नए कलेक्शन पेश किए हैं। खासतौर पर मॉडर्न डिजाइन, स्पेस सेविंग फर्नीचर और टिकाऊ लकड़ी से बने उत्पादों की मांग बढ़ी है।

बारिश के मौसम को देखते हुए ग्राहक ऐसे फर्नीचर को प्राथमिकता दे रहे हैं जो मजबूत, लंबे समय तक चलने वाला और आसानी से मेंटेन किया जा सके।




### गारमेंट्स सेक्टर में सीजनल कलेक्शन की बहार

**मानसून फैशन को लेकर युवाओं में उत्साह**

प्री-मानसून सीजन में गारमेंट्स बाजार भी पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है। दुकानदारों ने गर्मी और बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए नए फैशन कलेक्शन लॉन्च किए हैं।

हल्के कपड़े, कॉटन फैब्रिक, कैजुअल वियर, ट्रेंडी आउटफिट और मानसून फ्रेंडली फैशन की मांग बढ़ रही है। बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए अलग-अलग डिजाइन और रंगों की नई रेंज बाजार में उपलब्ध है।

व्यापारियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सेल, कॉम्बो ऑफर और स्पेशल डिस्काउंट की शुरुआत की है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों बाजारों में सीजनल खरीदारी का असर दिखाई दे रहा है।

# भारत के समुद्री रक्षा क्षेत्र में फिर दिखी भिलाई इस्पात संयंत्र की फौलादी धमक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र ने फिर से एक बार देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूती देने के साथ समुद्री रक्षा क्षेत्र में उन्नत स्वदेशी तकनीक से आत्मनिर्भर बनाने में भी फौलाद धमक दिखाई है। सेल के बीएसपी सहित राउरकेला स्टील प्लांट और बोकारो इस्पात संयंत्र ने भारतीय नौसेना में कमीशन किए गए तीन अत्याधुनिक जहाजों - स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी, एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अग्रय, और सर्वेक्षण पोत (लार्ज) आईएनएस संशोधक के निर्माण के लिए 5,700 टन विशेष डिफेंस ग्रेड स्टील की आपूर्ति करके देश की नौसैनिक क्षमताओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। इन तीनों उन्नत जहाजों को कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट में समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नौसेना में शामिल किया गया। सेल द्वारा सप्लाई इस विशेष गुणवत्ता की डीएमआर 249 ए ग्रेड हॉट-रोल्ड शीट और प्लेट से तीनों अत्याधुनिक स्वदेशी जहाजों का निर्माण हुआ है।

## सेल के बीएसपी, बोकारो और राउरकेला प्लांट के विशेष स्टील से बना दूनागिरी

### तीनों जहाजों से बढ़ेगी ताकत

उल्लेखनीय है कि बीएसपी इसके पूर्व भी रक्षा क्षेत्र में आईएनएस विक्रांत सहित कई सबमरीन व देश के सबसे ऊंचे फ्लाईओवर के लिए भी विशेष प्लेटें आदि स्टील सप्लाई कर चुका है। सेल ने इन तीनों अत्याधुनिक जहाजों के लिए विशेष गुणवत्ता की डीएमआर 249 A ग्रेड हॉट-रोल्ड शीट और प्लेट की सप्लाई की है। कंपनी ने इस डिफेंस ग्रेड स्टील का उत्पादन और आपूर्ति अपने बोकारो, भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्रों के जरिये आपूर्ति की है। सेल के पास देश की समुद्री सुरक्षा की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहतरीन और आधुनिक तकनीकी क्षमता है। सेल मेक इन इंडिया अभियानों की लगातार मजबूती के साथ नौसैनिक प्लेटफार्मों के लिए विशेष स्टील का उत्पादन करके, भारत के रक्षा स्वदेशीकरण का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है।




### डिफेंस के लिए विशेष स्टील उत्पादन

भारत की महारत्न स्टील कंपनी ने रक्षा क्षेत्र की उभरती जरूरतों को देखते हुए ने डीएमआर डीएमआर ग्रेड प्लेटों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अपनी प्लेट-उत्पादन सुविधाओं, विशेषकर राउरकेला स्टील प्लांट के 'स्पेशल प्लेट प्लांट' में पहले से ही अतिरिक्त पहल लागू किए हैं। ट्रैक रिकॉर्ड में स्वदेशी विमान वाहक आईएनएस विक्रांत के साथ विशिष्ट प्रोजेक्ट 17 ए स्टील्थ फ्रिगेट्स - आईएनएस नीलगिरि, आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि के लिए स्टील की आपूर्ति शामिल है। सेल विशेष स्टील आईएनएस अजय, आईएनएस निस्तार और आईएनएस अंजदीप जैसे शक्तिशाली जहाजों की रीढ़ है।

### सेल रक्षा क्षेत्र का प्रमुख भागीदार : पंडा

इन उन्नत युद्धपोतों का सफल समावेश भारत की समुद्री संप्रभुता और क्षमताओं में एक निर्णायक मील का पत्थर है।सेल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा ने कहा भारत के रक्षा क्षेत्र के एक प्रमुख भागीदार के रूप में सेल देश की आत्मनिर्भरता की जरूरतों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इन उच्च-क्षमता वाली डीएमआर 294 ए स्टील प्लेटों की आपूर्ति न केवल भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता की मजबूती प्रदान करने के साथ सेल की अत्याधुनिक तकनीकी विशेषज्ञता को भी प्रमाणित करती है।

## खबर संक्षेप



### प्रवर्तन टीम ने सेक्टर 6 से हटाए कब्जे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग द्वारा टाउनशिप मे कब्ज हटाने के लिए अभियान चलाया गया।सेक्टर-6 मार्केट चौक तथा आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। मार्केट चौक के समीप सड़क किनारे सामग्री फैलाकर व्यवसाय संचालित करने वाले व्यक्तियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। छह अस्थायी शेड भी हटाए गए। आगे सड़क तक सामग्री न फैलाने तथा सार्वजनिक मार्गों को बाधित न करने की चेतावनी दी गई। अभियान के अंतर्गत स्ट्रीट-एवेन्यू 'सी' स्थित अनफिट ब्लॉक में अवैध रूप से कब्जा कर रहने वाले व्यक्तियों के कारण मार्ग संकरा होने की स्थिति का भी संज्ञान लिया गया। पूर्व में दिए समझाइश के बाद भी कब्जा नहीं हटाए जाने पर नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से उक्त परिसर की अवैध विद्युत आपूर्ति विच्छेदित कर दी गई। चौक क्षेत्र में दिन के समय ठेले खड़े छोड़ने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई तथा ठेले हटवाए गए। प्रवर्तन विभाग ने स्पष्ट किया है कि टाउनशिप के अन्य प्रमुख चौकों एवं मुख्य मार्गों पर भी इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। बेदखली कार्रवाई के दौरान एजीएम रेमी थॉमस सहित मुकुंद दास मानिकपुरी, सहायक प्रबंध देवानंद चौहान, संपदा निरीक्षक अजय मिश्रा, श्री राममूर्ति आदि उपस्थित थे।

## डराकर दो साल तक ऐंठता रहा रकम, पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी

# तंत्र-मंत्र, जिन्न और निवेश के नाम पर महिला से 85 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

घरेलू परेशानियों का समाधान, तंत्र-मंत्र, गुप्त पूजा, जिन्न-प्रेत बाधा और निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक महिला से करीब 85 लाख रुपए की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर भिलाई नगर पुलिस ने जबलपुर निवासी पवन बधौलिया के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-5 निवासी संगीता कश्यप (52 वर्ष) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नवंबर 2023 में रायपुर के एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान उनकी मुलाकात जबलपुर निवासी पवन बधौलिया से हुई थी।

बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी घरेलू परेशानियों का जिक्र किया, जिस पर आरोपी ने दावा किया कि वह विशेष पूजा-पाठ और तंत्र साधना के माध्यम से उनकी सभी समस्याओं का समाधान कर सकता है। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने पहले ग्रह-दशा खराब होने का डर दिखाया और फिर गुप्त पूजा कराने के नाम पर लगातार पैसे मांगना शुरू कर दिया। उसने दावा किया कि जबलपुर के एक मजार में विशेष अनुष्ठान कराया जाएगा। आरोपी कथित तौर पर किसी मुस्लिम तांत्रिक से फोन पर बात करता था और महिला को 43 दिनों तक दीपक जलाने सहित कई धार्मिक क्रियाएं करने के निर्देश देता था। महिला ने आरोप लगाया कि पवन बधौलिया बार-बार जिन्न, प्रेत बाधा और दैवीय शक्तियों का भय दिखाकर पैसे ऐंठता रहा। रकम देने में देरी होने पर अनिष्ट होने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी जाती थी। इसी दौरान आरोपी ने महिला के रिश्तेदारों से भी विभिन्न माध्यमों से पैसे ट्रांसफर करवाए।

## पति की मौत की भविष्यवाणी कर डराया, भिलाई नगर पुलिस ने किया अपराध दर्ज



### नौकरी लगवाने का नया जाल

जब महिला ने अपनी निवेश की रकम वापस मांगी तो आरोपी ने पैसे लौटाने के बजाय सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देना शुरू कर दिया। उसने संविदा नौकरी, आकर्षक वेतन, सरकारी आवास, डीए और पेंशन जैसी सुविधाओं का लालच दिया। इस दौरान उसने कथित नियुक्ति पत्र, चयन सूची और वैकेंसी संबंधी फर्जी दस्तावेज भी भेजे। आरोपी महिला को भोपाल तक बुलाकर लाखों रुपए नकद लेने में सफल रहा। उसने दावा किया कि अधिकारियों से हस्ताक्षर कराने और जॉइनिंग लेटर जारी कराने के लिए पैसे खर्च हो रहे हैं। कई बार नियुक्ति पत्र आने की झूठी कहानियां भी सुनाई गईं।

### हत्या कराने की धमकी

पीड़िता के अनुसार जब उसने रकम वापस मांगनी शुरू की तो आरोपी और उसके कथित रिश्तेदारों ने जान से मारने, गुंडे भेजने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकियां दीं। आरोपी ने महिला के बेटे के खिलाफ लोगों को खड़ा करने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने खुद को पुलिस विभाग और क्राइम ब्रांच से जुड़ा बताकर डराने की कोशिश की। कई बार कथित पुलिस अधिकारियों से फोन पर बात कराकर यह कहा गया कि रकम हवाला में चली गई है और शिकायत करने पर पूरा परिवार जेल जा सकता है।

### ट्रेडिंग में निवेश का झांसा

शिकायत के मुताबिक आरोपी ने खुद को प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए शेयर ट्रेडिंग और निवेश के जरिए भारी मुनाफा कमाने का सपना दिखाया। उसने महिला के बेटे विक्रांत कश्यप को भी अपने झांसे में ले लिया और विभिन्न बैंक खातों से लाखों रुपए निवेश के नाम पर मंगवाए। आरोपी दावा करता था कि वह बड़े निवेशकों के साथ मिलकर करोड़ों रुपए का लाभ कमाने वाला है और ब्याज सहित पूरी रकम वापस कर देगा।

### कभी जेल, कभी बीमारी और कभी पिता की मौत का बहाना

महिला ने बताया कि आरोपी समय-समय पर अलग-अलग कहानियां बनाकर पैसों की मांग करता रहा। कभी खुद को कोलकाता जेल में बंद बताता, कभी अपनी मां के ब्रेन हेमरेज का हवाला देता, तो कभी पिता की मृत्यु और अंतिम संस्कार का खर्च बताकर रकम मांगता था। भावनात्मक दबाव बनाकर लगातार पैसे वसूले जाते रहे।

### पति के एक्सीडेंट की भविष्यवाणी कर डराया

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि आरोपी ने कथित तौर पर महिला को जिन्न के जरिए अनिष्ट कराने की धमकी दी थी। महिला का आरोप है कि आरोपी ने पहले ही उसके पति के सड़क हादसे का डर दिखाया और इसके लिए डेढ़ लाख रुपए नकद ले लिए। बाद में पति का एक्सीडेंट हो गया, जिसके बाद महिला को संदेह होने लगा कि कहीं इस घटना के पीछे भी आरोपी की भूमिका तो नहीं है। महिला ने बताया कि पति के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान भी आरोपी लगातार पैसों की मांग करता रहा। रकम नहीं देने पर घर के बाहर आकर गाली-गलौज और धमकियां देने का भी आरोप लगाया गया है।

### नस काटने की तस्वीर भेजकर बनाया मानसिक दबाव

शिकायत में बताया गया है कि अक्टूबर 2025 में आरोपी ने अपने हाथ की नस काटने की तस्वीर व्हाट्सएप पर भेजकर मानसिक दबाव बनाने की कोशिश की। वहीं अगस्त 2025 में खुद को पुलिस हिरासत में बताकर पांच लाख रुपए और ऐंठ लिए। करीब दो वर्षों तक पूजा-पाठ, निवेश, नौकरी और विभिन्न बहानों से महिला से लगभग 85 लाख रुपए वसूलने के बाद जब मामला पुलिस तक पहुंचा तो भिलाई नगर थाना पुलिस ने आरोपी पवन बधौलिया के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और पैसों के लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है।

# बीएसपी में हजारों श्रमिकों को नहीं मिल रहा केंद्रीय न्यूनतम वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की यूनियन कार्यालय में हुई बैठक में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से मांग की गई कि सभी ठेका श्रमिकों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित केंद्रीय न्यूनतम वेतन का लाभ तत्काल प्रभाव से प्रदान किया जाए। यूनिन ने मांग पूर्ण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनियन के मुताबिक संयंत्र के उत्पादन, रखरखाव एवं विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हजारों मजदूरों को वैधानिक अधिकार मिलना चाहिए।यूनियन अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने बताया कि केंद्र सरकार समय-समय पर न्यूनतम वेतन में संशोधन करती है, लेकिन कई ठेका श्रमिकों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह स्थिति श्रम कानूनों का उल्लंघन है। बढ़ती महंगाई के दौर में श्रमिकों और उनके परिवारों के सम्मानजनक जीवन-यापन के लिए जीने लायक वेतन अत्यंत आवश्यक है। श्रमिकों को केंद्रीय न्यूनतम वेतन, परिवर्तनीय महंगाई भत्ता और अन्य वैधानिक सुविधाओं से वंचित नहीं रखा जा सकता। श्रमिकों के हितों की रक्षा करना प्रबंधन की नैतिक एवं कानूनी जिम्मेदारी है।यूनियन ने मांग की है कि सभी ठेका श्रमिकों को केंद्रीय न्यूनतम वेतन, महंगाई भत्ता ईपीएफ, ईएसआई तथा अन्य वैधानिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही वेतन भुगतान में पूर्ण पारदर्शिता लाई जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाए।

- इंटक ने दी आंदोलन की चेतावनी

### जल्द मिले वैधानिक सुविधाएं

इंटक ने चेतावनी दी है कि यदि ठेका श्रमिकों को केंद्रीय न्यूनतम वेतन एवं अन्य वैधानिक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो यूनियन श्रमिकों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी बीएसपी प्रबंधन की होगी।बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, आर दिनेश, गुरुदेव साहू, मनोहर लाल, किशोर प्रधान, ताम्रध्वज सिन्हा, राजकुमार, जयराम ध्रुव, संतोष ठाकुर, कान्हा राम, बलराम वर्मा, कामता प्रसाद, दामन लाल, संजीव माणिकपुरी, के. रामू, संजय कुमार, देवेंद्र कुमार, कुलेश्वर एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

# बीएसपी स्क्रैप चोरी मामले में एक और गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट से स्क्रैप चोरी और उसके अवैध परिवहन के बहुचर्चित मामले में खुर्सीपार पुलिस ने एक और फरार आरोपी तेजराम निषाद उर्फ दद्दू निवासी जेवरा सिरसा, को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार विगत 26 मई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम अकलोरडीह खदान पारा स्थित एके ट्रेडर्स, हथखोज भिलाई में जांच की गई थी। जांच के दौरान कई हाईवा और ट्रकों में फ्लू डस्ट के साथ बीएसपी से चोरी किए गए लोहे की प्लेट, बीम और कटिंग सामग्री लोड मिली थी। मौके पर भारी मात्रा में स्क्रैप सामग्री का भंडारण भी पाया गया। जांच में खुलासा हुआ कि फ्लू डस्ट के परिवहन की आड़ में भिलाई स्टील प्लांट से चोरी किए गए स्क्रैप का अवैध परिवहन और विक्रय किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 250 टन लोहे की प्लेट, बीम कटिंग और अन्य स्क्रैप सामग्री जब्त की थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 90 लाख रुपए आंकी गई। वहीं परिवहन और लोडिंग में उपयोग किए गए वाहन एवं मशीनरी समेत कुल लगभग 3 करोड़ 22 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई थी। मामले में पहले ही 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका था। विवेचना के दौरान फरार आरोपियों की तलाश जारी थी। इसी दौरान पुलिस ने फरार आरोपी तेजराम निषाद उर्फ दद्दू (35 वर्ष), निवासी जेवरा सिरसा, जिला दुर्ग को चिन्हित कर हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्क्रैप के अवैध परिवहन में अपनी भूमिका स्वीकार कर ली। पुलिस के अनुसार वह हाईवा चालक के रूप में चोरी किए गए स्क्रैप को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का काम करता था। इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

- भिलाई स्टील प्लांट से करोड़ों के स्क्रैप चोरी मामले में अब तक 13 आरोपी गिरफ्तार



# रेलवे स्टेशन के सामने फैला कबाड़ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से फैलाई गई कबाड़ सामग्री के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 36 में पावर हाउस रेलवे स्टेशन के सामने जगदम्बा स्वीट्स के पास बड़े पैमाने पर कबाड़ियों द्वारा कचरा एवं कबाड़ सामग्री फैला कर रखी गई थी। जिसे जप्ती की कार्रवाई की गई। निगम ने स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि फैली हुई सामग्री के कारण क्षेत्र की स्वच्छता प्रभावित हो रही थी तथा आम नागरिकों एवं राहगीरों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। निगम की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संबंधित कबाड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कबाड़ सामग्री की जप्ती की गई। कार्रवाई के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक तथा राजस्व विभाग के सुपरवाइजर सहित निगम का अमला उपस्थित रहा। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा एवं कबाड़ फैलाने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम ने नागरिकों एवं व्यवसायियों से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा या कबाड़ सामग्री नहीं फैलाने की अपील की है।

- भिलाई निगम की कार्रवाई



## लोगों की मांग व शिकायतों का त्वरित निराकरण, निगम में बैठक

# सीएम हेल्पलाइन 1076 व ई-ऑफिस प्रणाली को दुरुस्त करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की मांगों एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 तथा कार्यालयीन कार्यों के सुचारू संचालन हेतु ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नगर पालिक निगम भिलाई में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

निगम आयुक्त की उपस्थिति में निगम सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में मुख्य कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालयों के अधिकारी, लिपिक तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर शामिल हुए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल एवं ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन के दौरान सामने आ रही तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर उनका समाधान किया गया। बैठक में अधिकारियों को बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों में गति, पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ेगी तथा फाइलों के संचालन की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी।



इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों को ई-ऑफिस में नस्तियों एवं फाइलों को लिपिक स्तर से उच्च अधिकारियों तक अनुमोदन के लिए भेजने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही पोर्टल के विभिन्न फीचर्स एवं कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

निगम आयुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण करें तथा ई-ऑफिस प्रणाली का अधिकतम उपयोग कर कार्यालयीन कार्यों को पेपरलेस एवं पारदर्शी बनाएं, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# रुई मार्केट के सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत जल्द शुरू करे निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी -4 के अध्यक्ष और पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता ने सेक्टर-6 एफ मार्केट रूई मार्केट स्थित सार्वजनिक शौचालय की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए नगर निगम से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है। सौरभ दत्ता ने कहा कि रूई मार्केट क्षेत्र में बड़ी संख्या में दुकानें संचालित होती हैं तथा कई परिवार भी निवास करते हैं। यहां स्थित सार्वजनिक शौचालय का उपयोग प्रतिदिन महिलाएं, पुरुष और बच्चे करते हैं, लेकिन वर्षों से इसकी हालत खराब बनी हुई है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि शौचालय के संधारण और मरम्मत कार्य के लिए नगर निगम मद से राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। नगर निगम जोन-5 के अधिकारियों से चर्चा करने पर बीएसपी की एनओसी का हवाला दिया जा रहा है। सौरभ दत्ता ने कहा कि स्वच्छता और सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण व रखरखाव को लेकर केंद्र सरकार और राज्य स्तर पर कई अभियान चलाए गए हैं। ऐसे में राशि स्वीकृत होने और टेंडर प्रक्रिया जारी रहने के बावजूद केवल एनओसी के कारण कार्य में देरी होना उचित नहीं है। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से टाउनशिप क्षेत्र में आम जनता से जुड़े आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देने की अपील की। साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) से भी सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि शौचालय, खेल मैदान, सड़क और सार्वजनिक उपयोग के अन्य बुनियादी कार्यों में सकारात्मक सहयोग मिलना चाहिए, क्योंकि ये सीधे तौर पर आम नागरिकों की सुविधाओं से जुड़े हुए हैं।

- ब्लाक अध्यक्ष ने बदहाल शौचालय को लेकर जताई चिंता